मौसम
अधिकतम - 39°c
न्यूनतम - 29°c

दैनिक
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
# अनोखा तीर
निशाने पर हर खबर

6 जून 2024
हरदा, गुरुवार
वर्ष-14, अंक - 2, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
ज्येष्ठ कृष्ण 30
विक्रम संवत् 2081

## भोपाल-ग्वालियर समेत 33 जिलों में आंधी-बारिश हुई

### खंडवा में 24 घंटे में 3.6 इंच पानी गिरा; निवाड़ी, दतिया में लू का असर



**अनोखा तीर, भोपाल ।**

मध्यप्रदेश में मौसम बदल गया है। पिछले 24 घंटे में कहीं तेज आंधी चली तो कुछ जिलों में बारिश हुई। भोपाल, ग्वालियर समेत 33 जिलों में पानी गिरा। खंडवा में 3.6 इंच बारिश हुई। वहीं, निवाड़ी, दतिया समेत कई शहरों में लू का असर है।

मौसम विभाग भोपाल के अनुसार- प्रदेश के 32 जिलों में लू, आंधी-बारिश का अलर्ट है। पिछले 24 घंटे में भोपाल, नर्मदापुरम, बैतूल, शाजापुर, आगर-मालवा, देवास, इंदौर, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, जबलपुर, शहडोल, अनूपपुर, सागर, दमोह, छतरपुर, सतना, पन्ना, रीवा, सीधी, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, श्योपुर, ग्वालियर और भिंड में बारिश हुई। यहां आंधी भी चली।

- **मंगलवार को आंधी, बारिश के साथ गर्मी भी थी**– इससे पहले मंगलवार को पृथ्वीपुर सबसे गर्म रहा। यहां दिन का टेम्प्रेचर 46.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भोपाल के मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया, मानसून अपनी गति से आगे बढ़ रहा है। इससे यह समय पर मध्यप्रदेश में पहुंच सकता है। वर्तमान में साइक्लोनिक सर्कुलेशन, ट्रफ लाइन और वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से आंधी, बारिश का दौर बन रहा है। वहीं, गर्मी का असर भी है। मंगलवार को भोपाल में दिनभर तेज गर्मी रही, लेकिन शाम को आंधी–बारिश का दौर शुरू हो गया। रात तक ठंडी हवाएं चलती रही। वहीं, प्रदेश के कई शहर में तेज गर्मी भी रही। टॉप–10 सबसे गर्म शहरों में पृथ्वीपुर, बिजावर, ग्वालियर, नौगांव, खजुराहो, शिवपुरी, सतना, गुना, दमोह और शहडोल शामिल हैं। पृथ्वीपुर में टेम्प्रेचर 46.3 डिग्री, ग्वालियर और छतरपुर के बिजावर में 45 डिग्री, नौगांव में 44.6 डिग्री, खजुराहो–शिवपुरी में 44.2 डिग्री, सतना में 44.1 डिग्री, गुना में 44 डिग्री, दमोह में 43.6 डिग्री और शहडोल में पारा 43.4 डिग्री दर्ज किया गया।

म.प्र. में भाजपा की रिकॉर्ड जीत

शिवराज को मिठाई खिलाकर बोले सीएम यादव -

## भाई साहब, तो अब दिल्ली जा रहे हैं

**अनोखा तीर, भोपाल ।**



मध्यप्रदेश में सभी 29 लोकसभा सीटों पर बीजेपी को रिकॉर्ड जीत मिली। पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान बुधवार सुबह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलने सीएम हाउस पहुंचे। दोनों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। डॉ. मोहन यादव ने कहा, 'भाई साहब तो अब दिल्ली जा रहे हैं।

वहीं, एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में शिवराज ने कहा- एनडीए लगातार तीसरी बार 300 के पास पहुंचा है। कितनी बार ऐसा हुआ है? आंकड़े स्पष्ट बहुमत और जनादेश को प्रदर्शित कर रहे हैं। लोकतंत्र में कहीं सीटें घटती हैं, कहीं बढ़ती हैं। कई राज्यों में हमने क्लीन स्वीप किया है। सही अर्थों में बीजेपी अखिल भारतीय पार्टी है। हर राज्य में हमारी प्रभावी उपस्थिति है। शिवराज ने कहा, जनादेश एनडीए को मिला है। मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए मिला है। मुझे सांसद की जिम्मेदारी मिली है। इसे पूरी निष्ठा से निभाऊंगा।

### पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने हार की जिम्मेदारी ली

इधर, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए कांग्रेस को एकजुट रहकर तैयार करने की बात कही। वहीं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने एक कार्यक्रम में कहा– इंदौर से भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी की रिकॉर्ड जीत का श्रेय ऐन मौके पर नाम वापस लेने वाले कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम को भी जाता है।

कमलनाथ कार्यकर्ताओं के बीच हुए भावुक

### छिंदवाड़ा में बोले- जनता ने फैसला किया है स्वीकार है; हमेशा आपके साथ रहूंगा



**अनोखा तीर, छिंदवाडा ।** लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के दूसरे दिन छिंदवाड़ा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बेटे नकुलनाथ की हार पर कहा, 'जनता ने फैसला किया है, स्वीकार है।' पूर्व सीएम ने कांग्रेस पदाधिकारियों – कार्यकर्ताओं के साथ हार की समीक्षा की। होटल करण में सभी विधायकों को और कांग्रेस संगठन की बैठक लेते हुए कमलनाथ ने भावुक बयान दिया। उन्होंने कहा, मेरा और आपका राजनीतिक संबंध नहीं, पारिवारिक संबंध है। छिंदवाड़ा की जनता ने मुझे जो विदाई दी है, वह मुझे स्वीकार है। कमलनाथ का कहना था कि वही भूमिका रहेगी, जो अब तक थी। कमलनाथ ने कार्यकर्ताओं से कहा, दिल्ली की बैठक छोड़कर छिंदवाड़ा आए हैं, सिर्फ यह कहने के लिए कि जो परिणाम सामने आए हैं, उसका किसी को विश्वास नहीं था। हमें ही इस परिणाम का पोस्टमॉर्टम करना है, कोई दूसरा नहीं करेगा। मेरा और आपका संबंध हमेशा बना रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सीधे तौर पर संवाद करते हुए कहा, जिसे जो शिकायत होगी, वो सीधे तौर पर मुझे करें, मुझे मेल भी कर सकते हैं।

### कमलनाथ बोले-

**अकेले छिंदवाड़ा नहीं, प्रदेशभर में हार हुई, समीक्षा करेंगे**– कमलनाथ ने कहा, अकेले छिंदवाड़ा सीट की बात नहीं है। मध्यप्रदेश में कांग्रेस की बड़ी हार हुई है, इसकी समीक्षा करेंगे। देशभर में हमारे गठबंधन के अच्छे परिणाम आए हैं।

## उज्जैन : महाकाल मंदिर में वेंटिलेशन से कूदे दर्शनार्थी

### वीडियो सामने आने के बाद मंदिर समिति ने वेंटिलेशन तत्काल बंद करवाया




**अनोखा तीर, उज्जैन ।** महाकाल मंदिर में दर्शार्थियों का वेंटिलेशन से कूदते हुए वीडियो सामने आया। मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। मंदिर में निजी एजेंसी के सुरक्षा गार्ड, मंदिर के कर्मचारी और पुलिस के जवान तैनात रहते हैं। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाती है। वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। वीडियो के वायरल होने के बाद महाकाल मंदिर समिति ने तत्काल वेंटिलेशन को बंद करवा दिया है। शॉर्टकट के चक्कर में दर्शनार्थी वेंटिलेशन से कूदते नजर आए।

- **कार्तिकेय मंडपम से कूदकर गणेश मंडपम में आए**– महाकाल मंदिर से जुड़ा यह वीडियो कार्तिकेय मंडपम का बताया जा रहा है। कार्तिकेय मंडपम की ओर से चढ़ाव वाले मार्ग में वेंटिलेशन है।

शॉर्टकर्ट के चक्कर में कुछ लोग इन्हीं वेंटिलेशन में से कूदकर गणेश मंडपम में जाते हुए वीडियो में दिखाई दिए हैं। युवकों की इस हरकत का वीडियो किसी दर्शनार्थी ने ही बनाया है। वीडियो शनिवार का बताया जा रहा है। महाकाल मंदिर समिति के प्रशासक मृणाल मीणा ने बताया कि श्रद्धालुओं के द्वारा वेंटिलेशन से प्रवेश की बात सामने आने के बाद उसे तुरंत बंद करवा दिया था। वीडियो भी पुराना है।

## भोपाल में 'नोटा' से हारे 19 कैंडिडेट

### भाजपा-कांग्रेस के बीच ही रहा मुकाबला; 22 में से 20 नहीं बचा पाए जमानत

**अनोखा तीर, भोपाल ।**

भोपाल लोकसभा सीट पर उतरे 22 में से 19 कैंडिडेट 'नोटा' यानी 'इनमें से कोई नहीं' से ही हार गए। सिर्फ 3 कैंडिडेट- भाजपा, कांग्रेस और बसपा उम्मीदवार ही 'नोटा' से ज्यादा वोट ला सके। इधर, 20 कैंडिडेट अपनी जमानत भी नहीं बचा सके हैं।

जानकारी के अनुसार, जब भी कोई चुनाव होते हैं तो उसके लिए जमानत राशि तय की जाती है। लोकसभा इलेक्शन लड़ने के लिए 25 हजार रुपए जमा किए गए थे। यह राशि तभी लौटती है, जब कोई कैंडिडेट कुल पड़े वोटों का 1.66 प्रतिशत हासिल कर लेता है। इतने वोट मिलने पर प्रत्याशी की जमानत राशि वापस मिल जाती है।



### भोपाल में 14.99 लाख वोट पड़े

भोपाल लोकसभा सीट पर कुल 14 लाख 99 हजार 334 वोट पड़े हैं। इनमें से सबसे ज्यादा बीजेपी के आलोक शर्मा को 9 लाख 81 हजार 109 वोट मिले। दूसरे नंबर पर कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव रहे। जिन्हें 4 लाख 79 हजार 610 वोट मिले हैं। तीसरे नंबर पर बसपा के भानु प्रताप सिंह रहे। जिन्हें 13 हजार 305 वोट मिले हैं। बाकी उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन्हें 318 से 3641 तक वोट मिले हैं, लेकिन कोई भी न तो 'नोटा' को हरा सका और न ही अपनी जमानत बचा सकता है।

### इतने वोट लाने जरूरी थे

जानकारी के अनुसार– किसी भी कैंडिडेट को अपनी जमानत राशि बचाने के लिए करीब 25 हजार वोट लाने जरूरी थे, लेकिन बीजेपी–कांग्रेस को छोड़ बाकी कोई भी इतने वोट नहीं ला सका। इसलिए उन्हें जमानत राशि नहीं मिल सकेगी।

### चौथे नंबर पर रहा 'नोटा'

भोपाल में 'नोटा' को कुल 6621 वोट मिले हैं। इस हिसाब से वह चौथे नंबर पर रहा है।


## जबलपुर में रेलकर्मी ने परिवार समेत सुसाइड किया

### पत्नी और दो बेटियों के साथ ट्रेन के सामने कूदा; पारिवारिक विवाद बनी वजह

**अनोखा तीर, जबलपुर ।** जबलपुर में बुधवार सुबह रेलवे कर्मचारी ने पत्नी और दो बेटियों के साथ सुसाइड कर लिया। पूरे परिवार ने ट्रेन के आगे आकर खुदकुशी की। घटना भेड़ाघाट थाने की है। नरेंद्र चढ़ार (32) रेलवे में ग्रुप - डी कर्मचारी (चाबीदार) थे। पत्नी रीना चढ़ार (26) के साथ उन्होंने बेटी सानवी (6) और मानवी (3 महीने) के साथ आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद में रेलकर्मी ने यह कदम उठाया है। जीआरपी और भेड़ाघाट थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, घटना भेड़ाघाट रेलवे स्टेशन से नजदीक की है। चारों के शव कटे हुए मिले थे। घटनास्थल से थोड़ी दूर बाइक भी मिली है। रेलकर्मी सिहोदा गांव में रहते थे।

**मां बोलीं– सुबह बाइक से अकेले जाते देखा था...** रेलकर्मी दो बहनों में इकलौते भाई थे। सबसे छोटे थे। एक बहन की शादी जबलपुर के शहपुरा, दूसरी की शादी कटनी जिले में हुई है। घर में मां अकेली रह गई हैं। पिता का कई साल पहले निधन हो चुका है। रेलकर्मी की मां ने बताया कि मकान की छत पर गेहूं डाला था। इसीलिए मैं छत पर सो गई। बेटे - बहू और बच्चियां नीचे सो रहे थे। सुबह 4 बजे देखा तो बेटा अकेले बाइक से जा रहा था। वह नर्मदा नहाने जाया करता था, इसलिए तब यही लगा। सुबह 7 बजे उठी तो देखा कि घर से बहू और बच्चियां भी गायब थे। साथी कर्मचारी राजेंद्र मरावी ने बताया कि नरेंद्र के चेहरे पर कभी परेशानी नहीं दिखी। बड़े पिता जवाहरलाल का कहना है कि कभी बेटे-बहू में झगड़े की बात नहीं सुनी।

**साथी कर्मचारी बोले– सभी के साथ हंसते - बोलते थे नरेंद्र...** साथी कर्मचारी रेलवे ट्रैकमेन राजेंद्र मरावी ने बताया, नरेंद्र सभी से हंसकर बात करते थे। खुशहाल व्यक्तित्व था। साफ और सुलझे हुए थे। उनके चेहरे पर कभी परेशानी और शिकन नहीं देखी।




## पूर्व प्रेमिका ने दोस्तों से कराई थी प्रेमी की हत्या

### सागर में पार्टी के बहाने चंदिया डेम पर ले गए, कटर से काटा था गला, तीन गिरफ्तार

**सागर (एजेंसी) ।**

सागर में शाहगढ़ थाना क्षेत्र के चंदिया डेम पर की गई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने युवती समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। युवती मृतक की पूर्व प्रेमिका है। उसने बदला लेने के लिए अपने दो दोस्तों से मृतक विक्रम की हत्या कराई थी। मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार 24 मई की शाम विक्रम पिता शंकर सिंह बुंदेला उम्र 20 साल निवासी मड़देवरा थाना बकस्वाहा घर से बस स्टैंड जाने का बोलकर निकला था जो वापस लौटकर नहीं आया। परिवार वालों ने 25 मई को बकस्वाहा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।

जिसके बाद से पुलिस विक्रम की तलाश कर रही थी। मोबाइल लोकेशन निकाली गई। लोकेशन शाहगढ़ थाना क्षेत्र के अमरमऊ स्थित चंदिया डेम की मिली थी। पुलिस टीम 2 जून को चंदिया डेम पहुंची और सर्चिंग शुरू की। इसी



दौरान नहर में युवक का शव मिला। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान थे। पुलिस ने मामले में हत्या समेत अन्य धारा में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। जांच करते हुए मृतक और संदेहियों के मोबाइल नंबरों की डिटेल निकाली गई।

### चंदिया डेम से नीचे पटका, कटर से रेता था गला

शाहगढ़ थाना प्रभारी अर्चना सिंह ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि मृतक विक्रम सिंह की पूर्व प्रेमिका अंजलि ने इंस्टाग्राम पर मैसेज करते हुए आरोपी प्रादर्श पटेल से कहा था कि विक्रम को जान से मारना है। जिसके बाद प्रादर्श ने 24 मई को फोन लगाकर मृतक विक्रम को पार्टी के बहाने ग्राम अमरमऊ बुलाया। जहां से अपने दोस्त भीकम घोषी के साथ प्रादर्श और विक्रम पार्टी करने के लिए चंदिया डेम चले गए। चंदिया डेम पर पार्टी के दौरान उनके बीच बहस हुई। इसी दौरान प्रादर्श ने विक्रम को चंदिया डेम के ऊपर से धक्का देकर नीचे पटक दिया। जिससे वह गंभीर घायल हुआ। इसी दौरान आरोपी प्रादर्श ने कटर से विक्रम के गले और सिर पर वार किए। आरोपी भीकम ने गला फाड़ दिया। मौत होने पर दोनों आरोपियों ने वारदात को छिपाने के लिए मृतक विक्रम का शव डेम की नहर में छिपा दिया और भाग गए थे।

- **मृतक ने किया था प्रेम विवाह, उसी का बदला लेने कराई हत्या**– मृतक विक्रम और आरोपी अंजली के बीच पूर्व में प्रेमप्रसंग था। लेकिन कुछ समय पहले मृतक विक्रम ने दूसरी लड़की से प्रेम विवाह कर लिया था। प्यार में धोखा मिलने पर आरोपी अंजली मृतक विक्रम से बदला लेना चाहती थी। इसी के चलते उसने अपने दो दोस्तों से विक्रम की हत्या करा दी।
- **मृतक के परिवार ने मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की**– वारदात में आरोपियों की गिरफ्तार के बाद परिवार वाले शाहगढ़ थाने पहुंचे। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। परिवार वालों ने वारदात में अन्य लोगों के भी शामिल होने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने हर बिंदु पर जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।





# सिनर्जी ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**अनोखा तीर, रहटगांव।**

सिनर्जी संस्थान के द्वारा और टेरेडेस होम के सहयोग से ग्राम बड़वानी में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसमें 175 लोगों ने सहभागिता की। पप्पू पवार के द्वारा विश्व पर्यावरण के बारे में उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया गया। पर्यावरण के ज्वलंत मुद्दों और सतत पद्धतियों के महत्व के बारे में जनता को शिक्षित करना। पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में भाग लेने के लिए व्यक्तियों, समुदायों और संगठनों को जुटाना। दैनिक जीवन और उद्योगों में पर्यावरण के अनुकूल दिनचर्या और प्रौद्योगिकी अपनाने की वकालत करना। जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई, प्रदूषण और जैव विविधता हानि जैसी वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित करना। पर्यावरण के मुद्दों को सामूहिक रूप से




संबोधित करने के लिए देशों, संगठनों और समुदायों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना। पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के उद्देश्य से बनाई गई नीतियों और पहलों को बढ़ावा देना पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास में व्यक्तियों, संगठनों और देशों के प्रयासों एवं सफलताओं को मान्यता देना। ग्रह के लिए उत्तरदायित्व और संरक्षण की भावना को बढ़ावा देने के लिए युवाओं और स्थानीय समुदायों को पर्यावरणीय पहल में शामिल करना। इसके पश्चात बडवानी के सरपंच सुनील साटे ने बताया कि हमें पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देना होगा जैसे आप आपका जन्म दिन मनाते हैं, उस दिन आपके परिवार के साथ मिलकर एक पौधा जरुर लगाएं। वीटगार्ड चरणसिंग ने बताया कि हमें जंगल की रक्षा करना होगा और हमें पेड़ लगाना होगा। हमें पॉलीथिन का उपयोग कम करना होगा। जिससे हम पर्यावरण संक्षण कर सकते है। इसमें बाद सभी अतिथि द्वारा पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में विष्णुप्रसाद चोधरी, सचिव ज्ञानदेव माणिक, पदमा ठाकुर, सहायक सचिव अमर, वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष शिवप्रसाद, रक्षा, सरोज, प्रिथी और प्रदीप मालवीय, शिवशंकर डोले, राजेंद्र उपस्थित थे।

# क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अनोखा तीर, मगरधा।**

समाजसेवी एवं शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राघवेंद्र पारे ने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर रामकिशोर दोगने को एक ज्ञापन सौंपा। जिस पर समस्याओं को शीघ्र समाधान की मांग की। श्री दोगने ने आश्वासन दिया की सभी समस्याओं के समाधान की पहल अविलंब की जाएगी। विधानसभा में प्रश्न उठाकर समस्याओं का समाधान प्राथमिकता और प्रमुखता से करवाया जाएगा, पांच सूत्रीय मांग पत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के लोगों की



मौजूदगी मैं में विधायक दोगने को पांच सूत्रीय मांग पत्र दिया जिसमें उच्च शिक्षा के लिए कॉलेज खुलवाया जाने, छात्राओं के लिए सर्व सुविधा युक्त छात्रावास खुलवाया जाने, जिससे आदिवासी युवक युवती उच्च शिक्षा ग्रहण कर भविष्य उज्जवल बना सके, आदिवासी युवाओं के लिए, आईटीआई, औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र संस्थान खोला जाए, मगरधा रतनपुर मांचक नदी पर पुल बनवाया जाने, बालागांव कनारदा, रहटा नदी पर बड़े पुल का निर्माण कराने, हरदा मगरधा की समस्त पुलियाओं का चौड़ीकरण कराने, मगरथा हायर सेकेंडरी स्कूल को सीएम राइस स्कूल में उन्नयन कराने की मांग की। जिससे समस्त आदिवासी अंचल के बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा मिल सके। इस अवसर पर रमेश कटारिया, राम रसिया गौर, फजलु खान, नरेंद्र गौर, कैलाश मालवीय, मेहर सिंह राजपूत, जुगल किशोर गौड़, डॉ एमए शाह, माखन गौर, शैतान सिंह, कुजी, मुलायम सिंह, सीताराम, कन्हैया, हसन आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ट्रेक

### प्रत्येक व्यक्ति एक-एक पौधा अवश्य लगाए : गंगराड़े



**अनोखा तीर, चारुवा।** 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पीएलबी संजय गंगराडे द्वारा उपस्थितजनों को पर्यावरण के बारे में बताते हुए प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष लगाने की अपील की। सभी को एक-एक वृक्ष लगाने की शपथ दिलाई। उपस्थितजनों द्वारा श्रमदान किया गया। मयंक पस्टारिया द्वारा स्वच्छता व जल संवर्धन की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सरपंच माखन सोलंकी, युवा उपभोक्ता कल्याण समिति के सदस्य, सहायक सचिव राजू नामदेव, पंच दिनेश कोगे, पंचायत कर्मचारी वासु सोनी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया

**अनोखा तीर, सिराली।** सिनर्जी संस्थान के युवालय प्रोग्राम के तहत सिराली तहसील के गांव में युवाओं द्वारा पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसमें ग्राम




लोलांगरा व जिनवानिया गांव में युवाओं समूहों द्वारा ग्रामों के प्रतिष्ठानो पर जाकर दुकानदारों को समझाइश दी गई कि वह प्लास्टिक का उपयोग बंद करे और पर्यावरण की बेहतरी हेतु एक कदम बढ़ाते हुए जूट अथवा कपड़े के वेग का इस्तेमाल कर पर्यावरण को बचाने में अपना योगदान दे। सिराली में विद्या विहार कॉलोनी में युवाओं द्वारा रैली निकाली गई व श्रमदान किया गया। युवाओं ने कहा यह पर्यावरण हमारा है और इसको बचाना हमारी जिम्मेदारी है।

### वृक्षारोपण एक पुनित कार्य : तंवर

**अनोखा तीर, हंडिया।** माधव ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला हरदा द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर हंडिया में नवीन आचार्य विकास वर्ग में आज तृतीय दिवस के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि किरीट नागड़ा प्रांतीय समिति सदस्य, अनिरुद्ध तवर सचिव जिला समिति हरदा, अरुण गुर्जर सहसचिव जिला समिति हरदा, दीपक मुकाती संयोजक गहाल विद्यालय, प्रदीप तिवारी



भवन निर्माण समिति अध्यक्ष हंडिया, पुरुषोत्तम तिवारी सयोजक मंडल सदस्य हंडिया सभी अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सत्र का उद्घाटन किया गया। अनिरुद्ध जी तवर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस है। हमें अपने जीवन में अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए, जिससे कि पर्यावरण का संतुलन बना रहे। आज इंसान पेड़ों की कटाई तो बहुत करता है किंतु पेड़ों का संरक्षण नहीं करता, जिससे तापमान में बदलाव आ रहा है। प्रतिवर्ष तापमान बढ़ता जा रहा है। यदि इसी प्रकार इंसान पेड़ों को काटता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमें सांस लेने के लिए भी ऑक्सीजन नहीं मिलेगी एवं तापमान 45 से 60 डिग्री होने में भी ज्यादा समय नहीं लगेगा। इसलिए हमें प्रतिवर्ष कम से कम 10 पौधे लगाना चाहिए।

# ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

### विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

**अनोखा तीर, टिमरनी।**

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसमें उपस्थित भाई बहनों को पर्यावरण के विषय में जागरूक करते हुए बीके गायत्री बहन ने बताया कि प्रकृति के संसाधन मानव जीवन के लिए अमूल्य उपहार है। यह मानव शरीर भी प्रकृति के पांच तत्व से ही मिलकर बना है। प्रकृति के सभी तत्व, पेड़ पौधे, नदियां सब हमें देना ही सिखाते हैं। जब तक मानव का प्रकृति के साथ संबंध रहा तब तक प्रकृति भी मानव की सहयोगी बनकर उसे सुख देती रही।

झआज भी प्रकृति मानव के दुर्व्यवहारों के बाद भी सदा ही हमें देती रहती है, लेकिन आज मानव अपने स्वार्थ, लोभ, फैशन, अपनी भौतिकवादी जीवन के लिए प्रकृति के संसाधनों का गलत उपयोग कर रहा है, उन्हें नुकसान पहुंचा रहा है, जिसके कारण आज तापमान में वृद्धि ग्लोबल वार्मिंग, वर्षा के पैटर्न में परिवर्तन, जैव विविधता को



प्रभावित होना, ओजोन परत का क्षतिग्रस्त होना इत्यादि अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कहते हैं क्रिया के विपरीत प्रतिक्रिया जरूर होती है, इसलिए प्रकृति के इस रूप के कारण आज सबसे ज्यादा मानव ही प्रभावित हुआ है, क्योंकि अपने स्वार्थ के लिए मानव ने प्रकृति का इतना दोहन किया। इसके कारण ही आज पर्यावरण दिवस मनाने की आवश्यकता पड़ रही है। मानव आज समझ नहीं पा रहा है कि प्रकृति को नुकसान पहुंचाने के कारण ही आज ऐसा प्रतिकूल वातावरण निर्मित हो चुका है। अब मानव को अपने अंदर यह जागृति लानी चाहिए कि हमें अब आने वाले भविष्य को इन संकटों से बचाने के लिए प्रकृति का सहयोग एवं प्रकृति के संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता है। इसके लिए हर एक अपने को संकल्पित करें की कम से कम एक पेड़ जरूर लगाएंगे और उसकी सुरक्षा भी करेंगे। साथ ही प्रकृति की अमूल्य देन जल इसका भी सही उपयोग कर भविष्य में आने वाली जल संबंधी समस्याओं से सारी दुनिया को बचाएंगे। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल टिमरनी की प्रांतीय पर्यावरण प्रमुख श्रीमती सीमा गर्ग ने भी पॉलिथीन के उपयोग के विषय में सबको बताते हुए यह कहा कि कैसे हम यह पॉलिथीन जो हम कचरे में डाल देते हैं उसे एक बॉटल में डाल कर उसका उपयोग हम घर में ही क्यारियां बनाने में कर सकते हैं, जिससे प्लास्टिक जो बाहर जाता है वह अपने घर में ही रह जाता है और प्लास्टिक के द्वारा होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को हम रोक सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के थैलिया के बजाय हम पेपर बैग का इस्तेमाल कर प्लास्टिक के प्रदूषण से बच सकते हैं। अंत में सभी भाई बहनों को कम से कम एक पेड़ लगाने के लिए तथा पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए संकल्पित किया गया।

### जल संरक्षण के लिए युवाओं ने किया श्रमदान

**अनोखा तीर, बालागांव।** जल गंगा अभियान के तहत मटकुल नदी पर प्रयास सामाजिक समिति कुकरावद नवांकुर संस्था, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड हरदा द्वारा रन्हाईकला में जल संरक्षण हेतु श्रमदान किया। जिसमें जल हैं तो कल के नारे के साथ नदी बचाओ, पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया गया। प्रयास संस्था के नीरज गुर्जर ने कहा इस अभियान में युवाओ को आगे आना पड़ेगा। हमें हरे भरे ग्राम बनाना पड़ेगा, साथ ही जल संवर्धन के प्रयास करने होंगे। युवाओं को जनभागीदारी से नवाचार करना होगा। इस अवसर पर प्रीतम पटेल, हरिओम गुर्जर, यदुनंदन रानवे, सत्यम गुर्जर सहित रन्हाईकला के युवा उपस्थित थे।



### विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण

**अनोखा तीर, मसनगांव।** ग्राम की उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर सहायक संचालक बलवंत पटेल, प्राचार्य जेपी सोनी, शुभांक पाठक तथा शाला स्टाफ द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक बलवंत पटेल ने बताया कि प्रतिवर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में सभी लोगों को एक-एक पौधा लगाना चाहिए तथा उसके पालन पोषण की जिम्मेदारी लेना चाहिए, जिससे पर्यावरण में सुधार हो सके। शाला परिसर में पौधारोपण के पश्चात परिसर तथा शाला का निरीक्षण किया गया।



### विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरु हुआ जलस्त्रोतों के संरक्षण का अभियान

# इटारसी सरोवर में हुई सफाई, सीताफल का पौधा लगाया



**अनोखा तीर, इटारसी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मप्र शासन के निर्देशानुसार स्थानीय नगरपालिका ने जलस्त्रोतों के संरक्षण और पुर्नजीवन का अभियान प्रारंभ किया है। अभियान के तहत 5 जून से 15 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आज इस अभियान के तहत इटारसी सरोवर में श्रमदान करते हुए घाट की सफाई की और यहां सीताफल का पौधा रोपा। गौरतलब है कि शासन के निर्देशानुसार नमामि गंगे परियोजना के तहत प्रदेश के जल स्त्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुआं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुर्नजीवन का विशेष अभियान शुरु किया गया है। इस श्रमदान के अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, सीएमओ रितु मेहरा, नगरपालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, पार्षद श्रीमती मनीषा अग्रवाल, पार्षद कुंदन गौर, पार्षद दिलीप गोस्वामी, पार्षद प्रतिनिधि आशुतोष अग्रवाल, उपयंत्री आदित्य पांडे, मयंक अरोरा, पिंटू अग्रवाल, आशीष मालवीय, रिषभ अग्रवाल, गौरव बड़कुर, शुभम पटेल, कमलकांत बडगोती, केशव मालवीय सहित अन्य मौजूद थे।

**आज खेड़ा तालाब पर होगा श्रमदान-** नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने शहर के नागरिकों को खेड़ा तालाब पर श्रमदान के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने ने बताया कि 6 जून सुबह 8 बजे खेड़ा उद्योग क्षेत्र के तालाब पर आप सभी श्रमदान के लिए सादर आमंत्रित हैं। आप सभी इस अभियान में सहभागी बनकर इसे सफल बनाएं।

**जल्दी ही लिए जाएंगे सुझाव -** नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने बताया कि जल्दी ही शहर में वर्षा जल संरक्षण के लिए शहर के नागरिकों, संगठनों के साथ बैठक की जाएगी और उनसे सुझाव लिए जाएंगे। बैठक विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा लेंगे।

### पौधारोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** समीपस्थ ग्राम सांगाखेड़ा में बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना माखन नगर सेक्टर सांगाखेड़ा खुर्द में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत पौधा रोपण कर शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया। साथ ही सभी को बताया गया कि अधिक से अधिक मात्रा में वृक्षारोपण किया जाए। जिसमें पर्यवेक्षक कृष्णा तिवारी, पंचायत सचिव प्रवीण भार्गव, सरपंच रामवती उइके, दिनेश राजपूत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कस्तूरी केवट, सीमा दुबे, कोसा अहिरवार आंगनवाड़ी सहायिका सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# जिला न्यायाधीश एडीजे सहित अधिवक्ता संघ ने किया पौधारोपण


**अनोखा तीर, सोहागपुर।**

विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर के न्यायालय परिसर में जिला न्यायाधीश सुरेश कुमार चौबे के साथ अन्य न्यायाधीश अधिवक्ता संघ ने सामूहिक रूप से पौधारोपण किया। जिला न्यायाधीश ने बताया कि न्यायालय परिसर में फलदार और छायादार 50 पौधों को लगाया गया है। पर्यावरण को संतुलित करने और वर्तमान भविष्य को बचाने के लिए सबको पौधा लगाना चाहिए विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत 5 जून 1972 को हुई थी, जब संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस



बात का निर्णय लिया गया है। इसके चलते तहसील विधिक सेवा समिति एवं राज्य विधिक सेवा द्वारा 5 जून से 15 अगस्त तक 2000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। हम सभी लोग नगर एवं ग्रामों में जाकर प्रोत्साहन देंगे, पौधे लगवाएंगे, भावी पीढ़ी के लिए जल, जंगल, जमीन, जलवायु की बहुत आवश्यकता है। वन्य पर्यावरण को सुरक्षित रखना है, प्रदूषण बहुत अधिक बढ़ रहा है। हमें जंगल बचाना है और पर्यावरण को सुरक्षित करना है, अभियान निरंतर चलेगा। परंतु आवश्यकता है लगाए गए पौधों को सुरक्षित और संरक्षित किया जाए। जिससे कि वह मूर्त रूप ले सकें, पौधों की देखभाल करना भी जरूरी है।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**



# अनोखा तीर 3
# हरदा नगर

हरदा, गुरुवार, 6 जून 2024




## आंगनवाड़ी केन्द्रों में किया पौधरोपण

**अनोखा तीर, हरदा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को जिले के आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी ने बताया कि महिलाओं एवं बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया गया है।

## न्यूज ट्रेक

## क्षेत्र में बिक रही अवैध शराब पर रोक लगाने की मांग

**अनोखा तीर, हरदा।** भीम आर्मी, जयस सहित अन्य संगठनों ने बुधवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बिक रही अवैध शराब पर रोक लगाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। संगठनों के पदाधिकारियों ने सयुंक्त कलेक्टर एक ज्ञापन सौंपकर जिले में चल रही अवैध शराब बिक्री पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने की मांग की। भीम आर्मी के संभागीय अध्यक्ष महेंद्र काशिव मेहरा, जिलाध्यक्ष पंकज गार्गे, जयस जिलाध्यक्ष राकेश काकोडिया ने कहा



कि आबकारी विभाग की सांठगांठ से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किराना दुकानों, टेलर की दुकान, होटलों और ढाबों सहित अन्य स्थानों पर अवैध रूप से खुलेआम शराब की बिक्री हो रही है। एक ही गांव में तीन से चार स्थानों पर शराब बेची जा रही है, लेकिन आबकारी विभाग के द्वारा कार्रवाई के नाम पर महज खाना पूर्ति की जाती रही है। संगठन से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि शराब की लत के चलते कई युवा हादसे का शिकार हो जाते हैं। वहीं कई युवाओं को शराब की लत के चलते उनके परिवार बर्बाद हो रहे हैं। वहीं कई जगहों पर आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती है। अत : सम्पूर्ण जिले में चल रहे अवैध शराब के कारोबार पर जल्द से जल्द रोक लगाई जानी चाहिए। इस अवसर पर राहुल पावरे, जयस जिलाध्यक्ष राकेश काकोडिया, भारत आदिवासी पार्टी अध्यक्ष देवीसीह परते, अहिरवार समाज संगठन के अध्यक्ष मुरली रंगीले आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण के प्रति बने संवेदनशील : संगीता बिले

**अनोखा तीर, हरदा।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय हरदा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जल संरक्षण पखवाड़े का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संस्था की प्राचार्य डॉ संगीता बिले ने कहा कि हमें पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता है। सभी विद्यार्थियों को अपने जन्मदिवस पर एक पौधा लगाने का संकल्प लेना चाहिए। यदि आपने अपने जीवन में 15-20 पौधे ही तैयार कर दिए तो हजारों लोगों को उससे लाभ प्राप्त होगा। अगली कड़ी में कला संकाय प्रभारी डॉ धीरा शाह ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण के महत्व और बचाने के उपाय बताए। इको क्लब प्रभारी डॉ.सीपी गुप्ता ने अगली कड़ी में बोलते हुए कहा कि पृथ्वी मां हमारी सभी आवश्यकताओं को तो पूरा करने में सक्षम है, किंतु हमारे लालच को पूरा नहीं कर सकती है। इसलिए हमें अपने विकास में टिकाऊपन और संतुलन लाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का कम से कम दोहन करना चाहिए और शोषण तो बिल्कुल नहीं। हमें आने वाली पीढ़ियों के उपभोग के लिए भी सुरक्षित और समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों वाली पृथ्वी छोड़कर जाना है, इसके लिए हमें आज से ही संकल्प लेना होगा, अन्यथा बहुत विलंब हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि हमें सिंगल यूज प्लास्टिक को पूरी तरह से त्यागना होगा, क्योंकि एक प्लास्टिक पॉलिथीन का उपयोग केवल बाजार से घर तक होता है और इसके उपरांत वह पॉलिथीन हमारे पर्यावरण में गलकर दस हजार कणों में टूटकर हवा और पानी के माध्यम से हमारे पेट में जाती है और कैंसर जैसी भयानक बीमारी को जन्म देती है, साथ ही उन्होंने ऊर्जा संरक्षण पर भी विद्यार्थियों को संबोधित किया और कहा कि जब हम बिना किसी कारण के विद्युत उपकरणों का उपयोग करते हैं तो कहीं ना कहीं कार्बन उत्सर्जन के अपराधी बनते हैं, और यदि यह कार्बन उत्सर्जन इसी गति से बढ़ता रहा तो यह ग्रह भविष्य की पीढ़ियों के रहने लायक नहीं रह जाएगी। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई प्रभारी डॉ.रश्मि सिंह ने विद्यार्थियों से अपील की कि हमें रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकलिंग में फिट बैठने वाली वस्तुओं का ही उपयोग करना चाहिए। विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के संबंध में डॉ.पारसनाथ बेले और सीके लोखंडे ने भी संबोधित किया और सबसे अंत में विद्यार्थियों को संस्था के प्रशासकीय अधिकारी वीके बिछोतिया द्वारा जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में डॉ.दीपिका शेठे, सविता शुक्ला के साथ-साथ अन्य स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।





अनोखा तीर, टिमरनी। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर पार्षद सुनील दुबे ने मातृशक्ति के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### कलेक्टर ने 'जल गंगा संवर्धन' अभियान का किया शुभारम्भ

## ग्रामीणों को जल संरक्षण संबंधी

# शपथ दिलाकर किया पौधरोपण





**अनोखा तीर, हरदा।**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में पर्यावरण एवं जल संरक्षण के कार्य शुरू किए गए। कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिले के तीनों विकासखण्डों खिरकिया, हरदा और टिमरनी का सुबह से ही भ्रमण कर 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत किए जा रहे जल संरक्षण के कार्यों में श्रमदान किया। इस दौरान उन्होने गांवों में पौधे भी लगाये और ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा भी मौजूद थे। गांवों में इस दौरान कलश यात्राएं भी आयोजित की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने इस दौरान हरदा विकासखण्ड के ग्राम कुकरावद, खिरकिया विकासखण्ड के ग्राम छुरीखाल व अजरूद रैयत और टिमरनी विकासखण्ड के ग्राम धौलपुर कला का दौरा किया। 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत जिले के सिराली में कूप गहरीकरण तथा खिरकिया नगर में तालाब की साफ-सफाई का कार्य भी कराया गया।

**अजनाल तट पर किया श्रमदान-** कलेक्टर श्री सिंह ने हरदा शहर में अजनाल नदी के तट पर स्थित पेड़ी घाट पर 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत किए जा रहे जल संरक्षण के कार्यों का अवलोकन कर वहां श्रमदान भी किया। उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार को अतिरिक्त जेसीबी व पोकलेन मशीन लगाकर नदी की गाद निकालने और घाटों पर साफ-सफाई का कार्य कराने के संबंध में निर्देश दिए।

**कुकरावद में तालाब गहरीकरण का कार्य शुरू** - कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार सुबह हरदा विकासखंड



के ग्राम कुकरावद पहुंचकर तालाब गहरीकरण कार्य में श्रमदान कर 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का शुभारम्भ किया। कलेक्टर श्री सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों से जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए गांव में हो रहे तालाब गहरीकरण और अन्य कार्यों में सहभागिता और श्रमदान की अपील की तथा ग्रामीणों को शपथ दिलाई।

**जल संरक्षण की दिलाई शपथ** - कलेक्टर श्री सिंह ने 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत खिरकिया विकासखंड के ग्राम अजरूद रैयत का दौरा कर वहां तालाब गहरीकरण जैसे जल संरक्षण कार्यो में श्रमदान कर पौधारोपण भी किया। ग्राम अजरूद रैयत में कलेक्टर श्री सिंह ने जनसहयोग से सामरी नदी पर नदी गहरीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसडीएम खिरकिया संजीव नागू और जनपद पंचायत खिरकिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण इवने भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर त्रिवेणी वृक्षारोपण किया तथा मनरेगा से निर्मित बकरी शेड एवं मुर्गी शेड का शुभारम्भ कर हितग्राहियों से चर्चा की। कलेक्टर श्री सिंह ग्राम छुरीखाल में आयोजित कलश यात्रा में भी शामिल हुए।

**धौलपुर कला में वृक्षारोपण कर, किया श्रमदान-** इसके अलावा 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत बुधवार को टिमरनी शहर के मुक्तिधाम एवं टिमरन नदी घाट पर साफ सफाई करवाकर 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत का शुभारम्भ किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने टिमरनी विकासखण्ड के ग्राम धौलपुर कला का दौरा कर वहां 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत तालाब की साफ सफाई व गहरीकरण का कार्य देखा और ग्रामीणों के साथ श्रमदान किया। उन्होने तालाब किनारे पौधरोपण भी किया।

**सिराली में कुए का गहरीकरण कराया** - 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत बुधवार को नगर परिषद सिराली द्वारा शहर के वार्ड 14 रामपुरा स्थित कुएं की विशेष सफाई कराई गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल शर्मा ने बताया कि इस कुए में मशीनों से गाद निकालने का कार्य कराया जाएगा तथा कुए की मुंडेर बनाकर एवं जाली लगाकर कुए को संरक्षित किया जाएगा।

# 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत शहरी क्षेत्र में भी होंगे कार्यक्रम

**अनोखा तीर, हरदा।** जल संरक्षण व संवर्धन तथा पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जनजागरूकता लाने के लिए बुधवार को 'पर्यावरण दिवस' से 16 जून 'गंगा दशहरा तक 'जल गंगा संवर्धन अभियान' आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में 16 जून तक जल संरक्षण एवं संवर्धन संबंधी गतिविधियां आयोजित होंगी।

- **हरदा शहर-** मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा कमलेश पाटीदार ने बताया कि 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत हरदा में 6 जून को अजनाल नदी पेढ़ी घाट पर मिट्टी एवं गाद हटाने का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार 7 जून को नगर पालिका के मीटिंग हॉल में जल सम्मेलन आयोजित होगा, 8 को वार्ड 35 स्थित बावड़ी और नदी की साफ-सफाई के लिये श्रमदान किया जाएगा। आगामी 9 जून को सुबह गुप्तेश्वर मंदिर से कलश यात्रा आयोजित की जाएगी और शाम 4 बजे जल संरक्षण विषय पर निबन्ध व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। आगामी 10 से लेकर 16 जून तक शहर के विभिन्न कुओं की साफ-सफाई की जाएगी। इसके अलावा 16 जून की शाम 7 बजे अजनाल नदी पेढ़ी घाट पर गंगा आरती की जाएगी। इस अवसर पर अभियान के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे।
- **टिमरनी शहर-** मुख्य नगर पालिका अधिकारी टिमरनी ने बताया कि 6 जून को टिमरनी शहर में स्थित नीम कुआ, तमोली कुआ, चित्ताला कुआ व मण्डी कुआ की साफ-सफाई के लिये श्रमदान किया जाएगा। इसी प्रकार 9 जून को प्रातः 7 बजे से रैन बसेरा भवन से शंकर मंदिर तक कलश यात्रा तथा रैन बसेरा भवन में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए जल संरक्षण विषय पर निबन्ध, चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके अलावा 16 जून को रैन बसेरा भवन में आयोजित प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम तथा शाम 6 बजे से टिमरन नदी घाट पर गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 6 से 16 जून तक पूर्व से निर्मित एवं वर्तमान निर्माणाधीन सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए अभियान चलाया जाएगा तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी।
- **खिरकिया शहर-** 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत खिरकिया में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिए निकाय निधि से 2 लाख रूपये की लागत से वार्ड 1 गौमुख मंदिर परिसर में स्थित कुआ की साफ-सफाई, खुदाई व बोरिंग संबंधी कार्य किया जाएगा। निकाय निधि से 2 लाख रूपये की लागत से वार्ड 2 में गंभीर रोड़ पर कोद्याखाल कुआ पर साफ-सफाई, बोरिंग एवं पौधरोपण कार्य, 50 हजार रूपये की लागत से वार्ड 5 में स्थित कुआ पर साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मत कार्य, 1 लाख रूपये की लागत से वार्ड 13 गांधी चौक कुआ पर साफ-सफाई, रैलिंग एवं फैसिंग का कार्य तथा वार्ड 13-14 चारूवा रोड़ छीपाबड़ के अटल सरोवर तालाब पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा श्रमदान कर साफ-सफाई एवं गहरीकरण कार्य किया जाएगा।

## बाढ़ आपदा प्रबन्धन की मॉकड्रिल 7 जून को

**अनोखा तीर, हरदा।** आपतकालीन आपदा मोचन बल व होमगार्ड के दल द्वारा बाढ़ आपदा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया है। अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि यह प्रशिक्षण हंडिया स्थित पानी की टंकी घाट पर अपरान्ह 4 बजे से आयोजित होगा। उन्होने पुलिस, जिला पंचायत, उद्योग, पशु चिकित्सा, शिक्षा, परिवहन, सामाजिक न्याय, नगर पालिका, जनअभियान परिषद व खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 100 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |

### मंडी भाव

**हरदा**

| जिंस | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं | 2001 | 2701 |
| चना | 1800 | 6470 |
| सोयाबीन | 2000 | 4499 |
| मूंग | 2400 | 8151 |
| सरसो | 3801 | 5300 |
| मक्का | 2100 | 2151 |
| तुअर | 6800 | 6800 |
| काटू चना | 4001 | 7990 |
| डॉलर चना | 3200 | 9550 |

**टिमरनी**

| जिंस | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं | 2000 | 2521 |
| चना | 3000 | 6591 |
| सोयाबीन | 2500 | 4530 |
| मूंग | 6600 | 7880 |
| सरसो | 3750 | 4451 |
| मक्का | 2176 | 2240 |

## आज दिल्ली रवाना होंगे सांसद अनिल फिरोजिया

**अनोखा तीर, उज्जैन।** उज्जैन आलोट लोकसभा सीट पर मिली जीत के बाद बीजेपी के सांसद अनिल फिरोजिया ने लोकसभा सीट की आठ विधानसभा सीट के मतदाताओं का आभार मानने के लिए प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान फिरोजिया ने आगामी 5 वर्ष का रोडमेप भी पर भी चर्चा की।

नतीजों के बाद दिल्ली में चल रही उठा पटक के बीच अनिल फिरोजिया गुरुवार को दिल्ली के लिए रवाना होंगे, शुक्रवार को बीजेपी के सभी जीते हुए सांसदों को दिल्ली बुलाया गया है। इसी दिन शाम को पीएम मोदी और अमित शाह सांसदों के साथ एक बैठक कर सकते है।

इससे पहले उज्जैन से दूसरी बार रिकॉर्ड जीत दर्ज करने वाले अनिल फिरोजिया ने प्रेस कांफ्रेंस कर जनता का आभार माना कहा कि बीजेपी ने विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ा था। आम मतदाता ने समर्थन से ये जीत हासिल हुई है। हमने 5 वर्ष पूर्व जो वादे किये थे वो सभी पूरे किये। अब शिप्रा शुद्धिकरण को लेकर नमामि शिप्रा अभियान शुरू होगा इसके लिए 650 करोड़ रुपए मंजूर भी हो चुके है। तेज गति से विकास होगा, यही हमारी प्राथमिकता होगी।




## नदी-नालों के किनारे किया श्रमदान

**अनोखा तीर, रहटगांव।** जल गंगा संवर्धन अभियान 5 जून से 16 जून तक चलेगा। जिसमें जल स्त्रोतों को पुर्नजीवित करना एवं पेड़ पौधे लगाना जिससे पानी की बचत और शुद्ध आक्सीजन मिल सके। इस योजनांतर्गत 5 जुन विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत रहटगांव एवं नजरपुरा में नदी नाले पर श्रमदान किया गया एवं पौधे लगाए गए, वही तालाब गहरीकरण में श्रमदान किया। इसके साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया गया। जिसमें आम, पीपल, जाम आदि के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जनपद रहटगांव सरपंच सुमित्रा सुरज रंगीले, उपसरपंच शिवानी मनीष गौर, सचिव रामकृष्ण कुशवाहा सहित पंचायत के कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं ग्राम पंचायत नजरपुरा में सरपंच आशा किशोर किरार, उप सरपंच दुर्गा चौहान, सचिव रामकृष्ण कुशवाहा, उपयंत्री सीबी सोनी, पटवारी मूरत सिंह, नजरपुरा सुभाष किरार सहायक सचिव धीरज चौहान सहित अन्य मौजूद रहे।

## संपादकीय

# खजाने में 100 टन सोना आया, सुखद

भारत भूमि पर भारतीय रिजर्व बैंक के खजाने में 100 टन से कुछ ज्यादा स्वर्ण का शामिल होना सुखद और गौरवान्वित करने वाली खबर है। यह सोना भारत का ही है और भारतीय रिजर्व बैंक इस सोने को स्वदेश लाकर अपने विभिन्न खजानों में सुरक्षित कर लेगा। जब सोने के स्वदेश लाए जाने की सूचना है, तब साल 1991 की याद स्वाभाविक है, जब मजबूरी में देश को अपना सोना विदेश भेजना पड़ा था। तब कर्ज का जाल भारी हो गया था, लेकिन आज भारत की अर्थव्यवस्था बेहतर प्रदर्शन कर रही है और कर्ज चुकाना अब समस्या नहीं है। ऐसे में, इतने बड़े पैमाने पर विदेश से सोना लाने की प्रशंसा ही की जा सकती है। मार्च के अंत तक रिजर्वबैंक के पास 822.1 टन सोना था, जिसमें से 413.8 टन विदेश में था। वास्तव में, अपना सोना किसी अन्य देश में रखने को बहुत अच्छा नहीं माना जाता है। रिजर्व बैंक शायद संदेश देना चाहता है कि भारत अब शक्तिशाली है और वह अपने सोने की हिफाजत खुद कर सकता है।

भारत का ज्यादातर सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड के पास सुरक्षित है और कुछ सोना विदेश में रखना रणनीतिक रूप से ठीक फैसला है। एक खास बात यह भी है कि भारत चालू वित्त वर्ष में ऐसे चंद देशों में शुमार है, जिन्होंने सोना खरीदा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ ही महीनों में 27.5 टन सोना खरीदकर अपने स्वर्ण भंडार में जमा किया है। विगत कुछ वर्षों में भारत ने अपनी सुधरती आर्थिक स्थिति और जरूरत के अनुरूप जो सोना खरीदा है, उसका ज्यादातर हिस्सा विदेश में ही रखा गया है। आर्थिक विशेषज्ञ भी यह मानते हैं कि अनुपात से अधिक सोना विदेश में रखना कोई अच्छा फैसला नहीं है। ध्यान देने की बात है कि साल 1991 में जब भारत पर आर्थिक संकट आया था, तब विदेशी बैंक गिरवी रखे जा रहे भारतीय सोने को भारत में ही रहने दे सकते थे, पर तब शायद भारतीय अर्थव्यवस्था से दुनिया के ज्यादातर देशों को विश्वास कुछ डिग गया था। आज अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर हम ब्रिटेन से आगे निकल गए हैं, तो हमें अपनी नीतियों में गरिमा के अनुरूप परिवर्तन करना ही चाहिए। वैसे, भारत की स्थिति अचानक नहीं सुधरी है। लगभग पंद्रह साल पहले भारत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 200 टन सोना खरीदा था। संकेत साफ है, आर्थिक उदारीकरण की नीति अब रंग ला रही है। सोने का भंडार किसी देश की आर्थिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। जरूरत के समय सोना ही मजबूती देता है या संकट से उबारता है। पहले दुनिया की तमाम अर्थव्यवस्थाएं स्वर्ण मानक को मानती थीं, पर 1970 के दशक में ज्यादातर देशों ने आधिकारिक तौर पर स्वर्ण मानक को छोड़ दिया। फिर भी दुनिया के सभी ताकतवर देशों के पास भारी मात्रा में सोना है। स्वर्ण भंडार के मामले में भारत 822.1 टन के साथ दुनिया में नौवें स्थान पर है और अमेरिका के पास सर्वाधिक 8,133 टन से ज्यादा सोना है।

जर्मनी के पास 3,352 टन सोना है। उसके बाद इटली, फ्रांस, रूस, चीन (2,262 टन), स्विट्जरलैंड और जापान का स्थान है। समय के साथ सोने का भाव बढ़ता ही रहा है, बीस साल पहले जो सोना 6,307 रुपये का था, वही सोना आज 73,390 रुपये का हो गया है। जाहिर है, सोने की मांग नहीं घटने वाली, पर ज्यादा से ज्यादा भारतीयों को अपनी बुद्धि और श्रम से सोना खरीदने में सक्षम होना पड़ेगा, तभी देश के स्वर्ण भंडार की खनक-चमक बढ़ेगी।

## राम मंदिर, आर्टिकल 370

# ...फिर भी इस हाल में पहुँची भाजपा!


**लोकसभा चुनाव के वोटों की गिनती जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'अबकी बार 400 पार' का नारा धराशायी हो चुका है। बस गनीमत ये रही कि 20 साल बाद बीजेपी और एनडीए के लिए 'फील गुड' और 'इंडिया शाइनिंग' मोमेंट दोहराते-दोहराते बच गया। रुझानों में एनडीए को बहुमत तो मिलता दिख रहा है लेकिन बीजेपी 272 के जादुई आंकड़े से कम से कम 30-35 वोट पीछे रहती दिख रही है। ये तब है जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का बीजेपी का अजेंडा पूरा हो चुका है। जब आर्टिकल 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष दर्जे को खत्म करने का बीजेपी का वादा पूरा हो चुका है। अगर ये रुझान नतीजे में तब्दील होते हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले पीएम जवाहर लाल नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार सत्ता में आने का करिश्मा तो कर सकते हैं लेकिन बिना गठबंधन की बैसाखी के सहारे ये मुमकिन नहीं।**

**(चन्द्र प्रकाश पाण्डेय )**

लोकसभा चुनाव के वोटों की गिनती जारी है। तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। सत्ताधारी एनडीए को बहुमत मिल गया है। लेकिन बीजेपी अपने दम पर बहुमत से दूर रह गई है। आखिर बीजेपी की सीटों में गिरावट की क्या वजह हैं, आइए समझते हैं। लोकसभा चुनाव के वोटों की गिनती जारी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'अबकी बार 400 पार' का नारा धराशायी हो चुका है। बस गनीमत ये रही कि 20 साल बाद बीजेपी और एनडीए के लिए 'फील गुड' और 'इंडिया शाइनिंग' मोमेंट दोहराते-दोहराते बच गया। रुझानों में एनडीए को बहुमत तो मिलता दिख रहा है लेकिन बीजेपी 272 के जादुई आंकड़े से कम से कम 30-35 वोट पीछे रहती दिख रही है। ये तब है जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का बीजेपी का अजेंडा पूरा हो चुका है। जब आर्टिकल 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष दर्जे को खत्म करने का बीजेपी का वादा पूरा हो चुका है। अगर ये रुझान नतीजे में तब्दील होते हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले पीएम जवाहर लाल नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार सत्ता में आने का करिश्मा तो कर सकते हैं लेकिन बिना गठबंधन की बैसाखी के सहारे ये मुमकिन नहीं। बीजेपी के पूर्ण बहुमत से चूकने के बाद अगर वह गठबंधन के तहत तीसरी बार सरकार बनाते हैं तो उन्हें जेडीयू चीफ नीतीश कुमार और टीडीपी मुखिया चंद्रबाबू नायडू के रहमोकरम पर रहना होगा। बार-बार गठबंधन बदलने की वजह से 'पलटू चाचा' के नाम से बदनाम हो चुके नीतीश की पार्टी जोर देकर कह रही है कि वह एनडीए छोड़ कहीं नहीं जाएगी लेकिन उन्हें लेकर चर्चाएं चल निकली हैं। इंडिया गठबंधन की तरफ से नीतीश कुमार को डेप्युटी पीएम पद ऑफर किए जाने की भी चर्चाएं चल रही हैं। नायडू को लुभाने की भी कोशिशें चल रही हैं। तो आखिर वे क्या कारण रहे जो बीजेपी के खिलाफ गए। , आइए समझते हैं। यह कारण हुआ बीजेपी का ऐसा हाल।

**अति आत्मविश्वास!–** बीजेपी को झटके की एक बड़ी वजह अति आत्मविश्वास को कहा जा सकता है। ऐसा लग रहा 'अबकी बार 400 पार' का नारा बैकफायर कर गया। राम मंदिर निर्माण के बाद बने माहौल और मोदी सरकार के खिलाफ जनता में नाराजगी का कोई निशान नहीं दिखने की वजह से बीजेपी अति आत्मविश्वास का शिकार हो गई। ठीक वैसे ही जैसे 2004 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के वक्त 'फील गुड' और 'इंडिया शाइनिंग' के तौर पर अति आत्मविश्वास से झटका लगा था। बीजेपी के मध्य प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में शानदार प्रदर्शन और यहां तक कि केरल में भी पहली बार खाता खोलने की तरफ बढ़ने के बावजूद उसकी सीटें पिछली बार से घटती दिख रहीं। वजह ये है कि यूपी, राजस्थान, हरियाणा




और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में उसे नुकसान हुआ। यहां तक कि प्रधानमंत्री के गृह राज्य हरियाणा में इस बार बीजेपी 'परफेक्ट 26' का करिश्मा नहीं दोहरा पाई, जबकि 2014 और 2019 में पार्टी ने वहां की सभी सीटों पर कब्जा किया था। 'अबकी बार 400 पार' के शोर में संभव है कि बीजेपी की तरह उसके कुछ समर्थक भी इस मुगालते का शिकार हो गए हों कि जीत तो रहे ही हैं और पोलिंग बूथ तक पहुंचने की जहमत नहीं उठाए हों। इसकी समीक्षा को बीजेपी को करनी ही होगी। बीजेपी इस बार प्रचंड जीत को लेकर आश्वस्त थी। इतना आश्वस्त कि इस बार चुनाव से पहले किसी भी तबके को फायदे वाली किसी स्कीम का भी ऐलान नहीं किया। पिछली बार पीएम किसान सम्मान निधि का ऐलान हुआ था लेकिन इस बार मोदी सरकार ने वैसी किसी भी योजना का ऐलान नहीं किया। एक तरफ विपक्षी गठबंधन ने लोकलुभावन वादे किए तो दूसरी तरफ बीजेपी 'मोदी की गारंटी' पर निर्भर रही जो इस बार शायद उतनी नहीं चली। जमीन पर 10 साल का सत्ताविरोधी रुझान भी रहा, जिसे भांपने में बीजेपी नाकाम रही।

**राम मंदिर मुद्दे का नहीं मिला फायदा–** यूपी के अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के बाद ये पहला लोकसभा चुनाव था। सदियों के इंतजार के बाद मंदिर निर्माण का सपना पूरा हुआ। 22 जनवरी को धूमधाम से प्राण प्रतिष्ठा समारोह हुआ। उस वक्त यूपी समेत देशभर में जिस तरह का माहौल था, उससे बीजेपी को फायदे की उम्मीद जरूर रही होगी। यही वजह थी कि पार्टी ने चुनाव के दौरान भी मंदिर निर्माण का श्रेय लेने की लगातार कोशिश करती रही। इसके बावजूद यूपी में बीजेपी को तगड़ा नुकसान हुआ। रुझानों को देखकर लग रहा कि राम मंदिर निर्माण का बीजेपी को फायदा नहीं पहुंचा। यहां तक कि जिस फैजाबाद लोकसभा सीट के तहत अयोध्या आती है, वहीं से बीजेपी का उम्मीदवार हार गया। ऐसा लगता है कि पिछली बार बीजेपी को वोट देने वाले एक ठीक-ठाक हिस्से को राम मंदिर निर्माण से खुशी तो थी, लेकिन अन्य वजहों से पार्टी से नाराजगी ज्यादा थी।

**'आरक्षण, संविधान खतरे में' का विपक्षी नैरेटिव चल गया–** विपक्ष ने 'आरक्षण खत्म होने', 'संविधान खत्म होने' का डर दिखाया। इंडिया गठबंधन की तरफ से बार-बार कहा गया कि अगर बीजेपी फिर सत्ता में आती है तो तानाशाही आ जाएगी। 'आरक्षण खत्म' हो जाएगा। 'संविधान खत्म' हो जाएगा। बीजेपी इसलिए 400 से ज्यादा सीटें चाहती है ताकि वह संविधान बदल सके। आरक्षण को खत्म कर सके। राहुल गांधी हों या अखिलेश यादव या गठबंधन को कोई और बड़ा नेता, अपने-अपने मंचों से लगातार ये बात कहते रहे। बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के इस नैरेटिव को तोड़ने की पूरी कोशिश की लेकिन ऐसा लगता है कि वे इसमें पूरी तरह कामयाब नहीं हो पाए।

**बीजेपी का पसमांदा कार्ड फेल–** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दूसरे कार्यकाल के बाद से ही मुस्लिमों को बीजेपी की तरफ आकर्षित करने की हर मुमकिन कोशिश करते रहे। मोदी सरकार की तरफ से चलाई जा रहीं वेलफेयर स्कीम्स का सबसे ज्यादा फायदा मुस्लिमों को मिला जिसका खुद बीजेपी के नेताओं ने भी खूब प्रचार किया। पसमांदा मुस्लिमों को लुभाने के लिए विशेष अभियान चलाया लेकिन बीजेपी का ये कार्ड बुरी तरह फ्लॉप रहा है, खासकर यूपी में। 2019 में सपा-बसपा के हाथ मिलाने के बाद भी एनडीए यूपी में 64 सीट जीतने में कामयाब हुई थी। इस बार सपा और कांग्रेस साथ में थे। ग्रैंड ओल्ड पार्टी सूबे में बेहद कमजोर मानी जा रही थी, इसके बावजूद एसपी-कांग्रेस गठबंधन ने इस बार जबरदस्त प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन के पीछे मुस्लिम वोटों का इंडिया गठबंधन के पक्ष में एकतरफा वोटिंग है।

**यूपी के 'दो लड़कों की जोड़ी' इस बार सुपरहिट–**यूपी में इस बार 'दो लड़कों की जोड़ी' (राहुल गांधी, अखिलेश यादव) सुपरहिट रही है। 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस साथ आए थे लेकिन तब यूपी के इन दो लड़कों की जोड़ी फ्लॉप हो गई थी। इस बार ऐसा नहीं हुआ। इस जोड़ी ने यूपी में साथ-साथ प्रचार किया। महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपये देने और 'खटाखट-खटाखट'गरीबी मिटाने जैसे दावे किए गए। जनता को 'संविधान खत्म' होने, 'आरक्षण खतरे' में होने और 'तानाशाही' आ जाने जैसे डर दिखाए गए।

## विलक्षण मैंडेट! (शासनादेश)

# कहीं खुशी कहीं गम! कभी खुशी कभी गम!



**- राजीव खंडेलवाल**

(लेखक, कर सलाहकार एवं पूर्व बैतूल सुधार न्यास अध्यक्ष हैं)

**परिणाम में स्पष्ट रूप से अकेले भाजपा को तो नहीं, परन्तु भाजपा के नेतृत्व में बनी एनडीए को स्पष्ट पूर्ण बहुमत प्राप्त हो गया है। वहीं कांग्रेस के नेतृत्व में बनी इंडिया प्रमुख व सशक्त विपक्षी गठबंधन के रूप में उभरा है। यदि हम पिछले 25 वर्षों के चुनावी परिणाम का अवलोकन करें तो, यह चुनावी परिणाम इस मायने में सबसे अलग होकर विलक्षण है कि जहां दोनों पक्ष सत्ता और विपक्ष, एनडीए और इंडिया एक ही परिणाम में एक साथ अपनी-अपनी जीत के लिए जनता को बधाई दे रहे हैं। पं. जवाहरलाल नेहरू के बाद नरेन्द्र मोदी ऐसे दूसरे व्यक्ति हैं, जो लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे है।**

**नरेन्द्र मोदी ऐतिहासिक प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं–** स्वतंत्र भारत के इतिहास में वर्ष 1951-52 में जब सबसे लम्बे चुनावी प्रक्रिया 4 महीने चली थी, के बाद अभी तक के दूसरे सबसे लंबे समय तक चले लोकसभा चुनाव के अंतिम परिणाम आ गए हैं। परिणाम में स्पष्ट रूप से अकेले भाजपा को तो नहीं, परन्तु भाजपा के नेतृत्व में बनी एनडीए को स्पष्ट पूर्ण बहुमत प्राप्त हो गया है। वहीं कांग्रेस के नेतृत्व में बनी इंडिया प्रमुख व सशक्त विपक्षी गठबंधन के रूप में उभरा है। यदि हम पिछले 25 वर्षों के चुनावी परिणाम का अवलोकन करें तो, यह चुनावी परिणाम इस मायने में सबसे अलग होकर विलक्षण है कि जहां दोनों पक्ष सत्ता और विपक्ष, एनडीए और इंडिया एक ही परिणाम में एक साथ अपनी-अपनी जीत के लिए जनता को बधाई दे रहे हैं। पं. जवाहरलाल नेहरू के बाद नरेन्द्र मोदी ऐसे दूसरे व्यक्ति हैं, जो लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे है। यद्यपि चुने हुए वे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले व्यक्ति होंगे। यदि वे पिछले वर्ष 2019 के चुनाव में प्राप्त 303 सीटों से ज्यादा सीटें प्राप्त कर लेते तो वे जवाहरलाल नेहरू से भी ज्यादा सफल प्रधानमंत्री कहलाते, क्योंकि नेहरू की जीत प्रत्येक अगले आम चुनाव में कम होती गई थी।

**एग्जिट पोल असफल!–** इस चुनाव की सबसे महत्वपूर्ण बात यह भी रही कि समस्त 12 सर्वे एजेंसियों द्वारा दिए गए एग्जिट परिणाम बिल्कुल ही गलत सिद्ध हुए। तथापि दैनिक भास्कर का जो एग्जिट पोल नहीं था, बल्कि सर्व मात्र ऐसा था, जिसने 281-350 की लम्बी रेंज के आकड़े के प्रारंभ आकड़े 281 से वर्तमान आयी संख्या 292 मिलते हैं। तथापि जी न्यूज के एआई एग्जिट पोल ने एनडीए को 305-315 सीटे दी है, जो 12 एग्जिट पोल की तुलना में परिणाम के ज्यादा निकट है।

**जीत-हार नहीं! जीत तो जीत या हार तो हार?–** पिछले चुनाव (303 सीटों) की तुलना में बीजेपी की 63 सीटें अर्थात लगभग 20 प्रतिशत कम होने के बावजूद यदि वह खुशियां मना रही है, तो इसलिए कि उनके नेता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। लेकिन साथ ही बीजेपी के लिए यह चिंता व मनन का भी विषय है कि 370 का नारा तो दूर पिछले चुनाव में प्राप्त 352 सीटें भी वह बचा नहीं पाई, जिसका आत्म-विश्लेषण, आत्मालोचन पार्टी निश्चित रूप से करेगी। इस प्रकार भाजपा के लिए यह चुनाव परिणाम जीत और हार दोनों लिए हुए है और इसीलिए कभी खुशी-कभी गम (अमिताभ बच्चन की फिल्म) और कहीं खुशी- कहीं गम की स्थिति है। इसी प्रकार इंडिया गठबंधन ने परिणाम के दौरान ही तुरंत पत्रकार वार्ता कर कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जनता को बधाई दी। यद्यपि दावे के अनुसार सरकार बनाने लायक बहुमत न मिलने पर उन्होंने यह नहीं कहा कि यह हमारी हार है और हम जनता के निर्णय को शिरोधार्य करते है, जैसा कि हर हार के बाद कहा जाता रहा है। कारण स्पष्ट है कि कांग्रेस की 2019 के चुनाव की 52 सीटें बढ़कर लगभग 100 के पास 99 तक पहुंच गई हैं और ''इंडिया'' लोकसभा में पिछले पिछले 25 सालों में आज सबसे मजबूत विपक्षी गठबंधन बना। परंतु इंडिया को उनके दावे 295 सीटों के विपरीत मात्र 233 सीटे ही मिल पाई और वे बहुमत से काफी दूर रह गई।



**परिपक्व संतुलित निर्णय–** भारतीय लोकतंत्र की दृष्टि से देखें तो यह चुनाव परिणाम जनता के एक परिपक्व निर्णय को दर्शाता है। वह ऐसे कि एक तरफ पूर्ण बहुमत (292) की स्थाई सरकार दी गई तो, दूसरी तरफ मजबूत विपक्ष (234) को चुना गया। 400 के नारे से बने तानाशाही के नरेशन व परसेप्सन की प्रवृत्ति की तथाकथित आशंका को भी जनता ने दूर किया तो दूसरी ओर संख्या में कमी के कारण लंच-पुंज विपक्ष के रहते सरकार पर कोई मजबूत नियंत्रण न रख पाने की असमर्थता को पर्याप्त संख्या देकर सत्ता पर एक प्रभावी अंकुश रखने के लिए समर्थ विपक्ष भी बनाया। जनता को प्रायः अधिकाशतः अनपढ़, बेवकूफ, अंगूठा छाप तक कहा जाता रहा है, उसी जनता ने इस चुनावी परिणाम से यह सिद्ध कर दिया कि परिस्थितियों के अनुसार देश हित में संतुलित निर्णय लेने की उसमें पर्याप्त क्षमता है, जो वह लेती है। इसलिए वर्तमान परिणाम को स्वीकार कर किसी भी पक्ष को हार या जीत से परे रहना होगा। देश हित में सत्ता की गाड़ी के दोनों पहिया बनकर रचनात्मक विपक्ष बनकर देश को आगे चलाने का महान दायित्व जनता ने राजनैतिक दलों को दिया है। अब यह देखना होगा कि इन बुनियादी दायित्वों को दोनों पक्ष संकीर्ण राजनीतिक हितों से परे रहकर देशहित में किस प्रकार कार्य करते हैं? यह अभी भविष्य के गर्भ में है। निश्चित रूप से जनता की निगाहें उन पर पैनी नजर रखेंगी। इस बात को दोनों पक्षों ने भूलना नहीं चाहिए। अन्यथा इसके दुष्परिणाम दोनों पक्षों को भुगतने पड़ सकते हैं।

**शेयर बाजार पर दोहरा विपरीत प्रभाव–** इस चुनाव परिणाम के सबसे दुखद पहलू को भी जानिए! जिस पर अंकुश लगाये जाने की नितांत आवश्यकता भी है। एग्जिट पोल ने 1 तारीख को चुनावी परिणाम के जो अनुमान दिये थे वे किसी भी तरह से जमीनी स्तर पर व्यवहारिक नहीं लग रहे थे। इस कारण शेयर बाजार में 2621 अंकों का उछाल आया। परन्तु चुनाव परिणाम के दिन जैसे-जैसे परिणाम आते गये शेयर सूचकांक में तेजी से गिरावट होकर 6200 से ज्यादा अंकों से सेसेक्स लुढ़क गया। एक अनुमान के अनुसार एक झटके में लगभग 36 लाख करोड़ रुपए का नुकसान निवेशकों को हुआ। भाजपा को बहुमत से 32 सीटे कम आने का मतलब प्रत्येक सीट ने 1 लाख करोड़ का नुकसान कराया। पिछले सवा दो साल में शेयर बाजार में आई यह सबसे बड़ी गिरावट है। क्या इसकी जिम्मेदारी कोई लेगा?

**तुरूप के इक्के! नीतीश कुमार-चंद्रबाबू नायडू–** इस चुनाव ने राजनीति में साइड लाइन किये जाने वाले नीतीश कुमार साइडलाइन हो चुके चंद्रबाबू नायडू दोनों ही ''तुरूप का इक्का'' सिद्ध होने जा रहे है। दोनों ही तेज चालाक व सौदे बाजी में पारंगत मुख्यमंत्री नेता है। उनकी सौदेबाजी क्या 8 तारीख को नरेन्द्र मोदी को आसानी से प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने देगी यह भी देखने की बात होगी। वैसे इस चुनाव परिणाम के इंडिया अलायंस शिल्पकार राहुल गांधी हीरो होकर भी इस परिणाम ने उन्हें विलेन बना दिया है। वह वैसे जब उन्होंने इंडिया की बैठक में नीतीश कुमार के संयोजक बनने की राह में ममता का नाम लेकर रोक लगा दी थी। यदि आज नीतीश इंडिया के साथ होते तो स्थिति दूसरी होती।

# विश्व पर्यावरण दिवस...

धरती मां पर वृक्ष लगाएं,
कितने प्यारे लगते।
हरि भरी हो विश्व धरा,
यही धरती मां की शान।
वेद पुराण और शास्त्र,
करते इसकी महिमा का गान।
सारे देश करते वृक्षों में वास,
पर्यावरण की कमी हो रही।
इस पर नहीं किसी का ध्यान,
शस्य श्यामल दिखती धरती।
समतल हो गई सड़कें और गलियारे,
कहीं नहीं दिखता हरियाली का नाम।
कृत संकल्पित हो जाओ,
अब ना होवे कोई भूल।
स्वच्छ निर्मल नदियां हो,
हरा भरा हो बाग और मैदान।
वृक्षारोपण सदा हो धरती पर,
सदा रखें इसी पर ध्यान।
ऐसा परिवेश बना दो धरती पर,
सारा जग करें गुणगान।
विश्व पर्यावरण दिवस,
पांच जून को इसे बचाए आज।



**- गोविन्द सूचिक (अदनासा) खिरकिया जिला-हरदा मध्यप्रदेश।**

# 2000 पौधे मियावाकी पद्धति से औद्योगिक क्षेत्र में लगाए गए



**अनोखा तीर, देवास।** विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को 2000 पौधे मियावाकी पद्धति से औद्योगिक क्षेत्र में लगाए गए। कार्यक्रम कमिंस इंडिया फाउंडेशन के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि देवास कलेक्टर ऋषभ गुप्ता, डीएफओ मिश्रा, एसडीओ श्री शुक्ला, जीएमडीआईसी मंगल, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु प्रजापति एवं एसोसिएशन ऑफ़ इंडस्ट्रीज़ देवास के खनूजा मुख्य रूप से उपस्थित थे। पौधारोपण अभियान में कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने कमिंस कंपनी के 133 एम्प्लॉय को बधाई दी एवं अमृत संचय योजना द्वारा पानी बचाने के लिए मार्गदर्शन दिया। कमिंस कंपनी द्वारा पंकज तिवारी ऑपरेशनल हेड देवास द्वारा सभी का स्वागत किया एवं एनवायरमेंट लीडर संतोष शर्मा ने आभार माना। कार्यक्रम का संचालन अनुपम एनजीओ के शैलेंद्र पाटिल ने किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर हम फाउंडेशन भारत शाखा ने सीएम राइज शाला में किया पौधारोपण

**अनोखा तीर, बड़वाह।**

विश्व पर्यावरण दिवस के उपल्पक्ष में हम फाउंडेशन भारत संस्कृति शाखा बड़वाह के सदस्यों ने बुधवार सुबह स्थानीय सीएम राइज शाला में पौधारोपण किया। जहां प्राचार्य श्रीमती हंसा कानुडे के सानिध्य में शिवराज वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, विमला चौधरी महिला सहभागिता प्रमुख एवं अर्चना आरस जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में त्रिवेणी एवं अन्य पोधों को लगाकर वृक्षारोपण की शुरुआत की गई। इस अवसर पर प्राचार्या कानुंडे ने कहा कि आज पेड़ पौधों के आभाव में आम नागरिक को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। आज स्कूल आने वाले विद्यार्थियों को ताजी हवा एवं ऑक्सीजन की कमी न हो, इस उद्देश्य से सीएम राइज स्टाफ एवं हम फाउंडेशन भारत संस्कृति शाखा के साथ मिलकर पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया।





हम फाउंडेशन भारत के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि संस्कृति शाखा बड़वाह द्वारा तीन चरणों में पौधारोपण किया जाएगा। पहले चरण में 101 पौधे सीएम राइज शाला बड़वाह में लगाए जाएंगे। द्वितीय चरण में 101 पौधे तारा नगर कालोनी में लगाए जाएंगे और तृतीय चरण में 101 पौधे ग्राम कटघड़ा की शासकीय शाला परिसर में लगाए जाएंगे। हमारा उद्देश्य पोधा लगाना ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को इस पौधारोपण के प्रति जागरूक करना भी है। ताकि आम नागरिक भी अपने-अपने क्षेत्रों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संतुलित करने में अपनी भूमिका का निर्वाह करे। जिलाध्यक्ष अर्चना आरस ने कहा कि जिस तरह देश का तापमान लगातार बढ़ रहा है।

उसके अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर प्रवीण श्रीमाली कोषाध्यक्ष, डीएस चौहान, प्रियंका पाराशर जिला सदस्य, रीना वर्मा उपाध्यक्ष, नागभूषण शर्मा, नीतिबाला शर्मा, रश्मि विश्वा, अनिता विजयवर्गीय, सुनीता कानुड़े, ऋतु पवार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर हम फाउंडेशन शाखा द्वारा सीएम राइज प्राचार्य श्रीमती हंसा कानुडे, निर्मल चौधरी उप प्राचार्य और डीएस चौहान स्पोर्ट्स टीचर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीएस चौहान ने किया और आभार निर्मल चौधरी ने माना।

## न्यूज ट्रेक

### लायंस क्लब खड़वा ने लेह लद्दाख में किया पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम

**अनोखा तीर, खंडवा।** पर्यावरण के क्षेत्र में लायंस क्लब खंडवा द्वारा अनेकों कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नारायण बाहेती ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर भी लायंस क्लब के सचिव घनश्याम वाधवा के नेतृत्व में साथियों द्वारा लेह लद्दाख में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक



करते हुए प्लास्टिक की जगह कपड़े की थैलियों का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण की बात कही। वहीं अध्यक्ष राजीव मालवीय के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय परिसर में जन सामान्य को विश्व पर्यावरण की थीम भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता एवं पर्यावरण में हो रहे बदलाव व विश्व तापमान बढ़ोतरी पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रदूषण रोकने एवं अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए अपील करते हुए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अध्यक्ष राजीव मालवीय, ने कहा कि मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के अनुसार इस विश्व पर्यावरण दिवस पर युवाओं को अधिक पेड़ लगाने, कचरा एवं प्लास्टिक वेस्ट कम करने और जल, वायु व अन्य सभी प्रकार के प्रदूषण रोकने के लिए प्रेरित करें। भूमिगत जल स्तर बढ़ाने रूफ वॉटर को धरती में उतारने एवं खेतों में विशेष कर बंजर जमीन में 6 इंच गहरी खंतियां खोद कर वर्षा जल संरक्षण के प्रयास किए जाने चाहिए। रीजन चेयरमेन राजीव शर्मा ने अपने आसपास और खेतों में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए अपील की। इस अवसर पर गांधी प्रसाद गदले, सुरेंद्र सोलंकी, सुशीला गदले, मंगला चौरे उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार वसीम कुरैशी ने ज्ञापित किया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**अनोखा तीर, बनखेड़ी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर एक अभियान प्रकृति के नाम संस्था द्वारा अंबेडकर भवन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता संजय जैन, किसान नेता गेंदीलाल




पटेल, पं. कैलाश भार्गव प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उक्त संगोष्ठी को भाजपा नेता संजीव मालानी, पत्रकार धर्मेंद्र शर्मा, पत्रकार राजकुमार शर्मा, कपिल कुशवाहा, लेखराम, कुलदीप शुक्ला, लेखराम अहिरवार, छात्र गौरी कुशवाहा सहित समस्त अतिथियों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन युवा समाजसेवी व अधिवक्ता पंकज प्रजापति द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन कपिल शुक्ला ने माना।

### सर्व ब्राह्मण महिला संगठन ने किया पौधारोपण

**अनोखा तीर, बनखेड़ी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर के ब्राह्मण समाज महिला परिषद द्वारा स्थानीय जेएसपी पब्लिक स्कूल परिसर में वृक्षारोपण करने के बाद जल संरक्षण के लिए भी संकल्प लिया गया एवं वर्षा



जल को सहजने के लिए विचार मंथन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवी शशि पांडे, सर्व ब्राह्मण समाज महिला परिषद अध्यक्ष अन्नपूर्णा शर्मा, रचना व्यास, राजकुमारी स्वामी, मंजुला पांडे, पायल पांडे, ऋतु व्यास सहित सर्व ब्राह्मण समाज की महिलाएं उपस्थित थीं।

### सफाई के दौरान जनपद के कुएं ने उगला पोषण आहार, दवाइयां और मिल्क पाउडर

# नमामि गंगे अभियान के तहत कुएं का किया जा रहा था जीर्णोद्धार

**अनोखा तीर, सोहागपुर।**

जनपद पंचायत कार्यालय के बंद पड़े कुएं की सफाई के दौरान, आंगनवाड़ी द्वारा बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार और मिल्क पाउडर की बोरियां निकली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश भर में जलसंकट को देखते हुए सभी जलस्त्रोतों कुआं, बावड़ी, तालाबों और नदियों के संरक्षण के लिए 5 जून से गंगा दशहरा तक अभियान चलाने निर्देश दिए हैं। जिसके चलते सोहागपुर में भी नदियों, तालाबों, कुआं, बावड़ियों की सफाई करवा कर उपयोगी बनाने का काम किया जा रहा है। जनपद पंचायत कार्यालय के वर्षों पुराने कुएं की सफाई भी जनपद सीईओ संजय अग्रवाल द्वारा करवाई जा रही है। मजदूरों द्वारा कुएं के भीतर से मिट्टी और कचरा निकाला जा रहा है। इसके साथ साथ जनपद पंचायत कुएं से पोषण आहार और मिल्क पावडर की बोरियां भी निकल रही हैं। बोरियों में पोषण आहार, मिल्क पाउडर और दबाइयो कि बोरिंयो निकल रही हैं जिनमें हजारों की मात्रा में मिल्क पाउडर और पोषण आहार के पैकेट निकले हैं। ये पोषण आहार और मिल्क पावडर आंगनवाड़ियों के बच्चों को वितरित करने शासन द्वारा भेजी गई थी, जो समय पर बांटी नहीं गई। अनुपयोगी होने के बाद बोरियों को बन्द कुएं में फेंक दी गई। कुएं से निकली सामग्री की कीमत लाखों की होने की संभावना है।






पैकेट पर फरवरी 2019 की मैन्यूफैक्चरिंग डेट लिखी हुई है, उधर दबाइयों से भरी बोरियों के कारण बदबू भी आ रही है और इस सामग्री का निकलना खबर लिखे जाने तक जारी था। कुआं सफाई में हजारों पैकेट निकलने के बाद सभी अधिकारी एक-दूसरे को जिम्मेदार बता रहे हैं। लेकिन जानकारी निकल कर आ रही है कि मिल्क पाउडर वितरण योजना तत्कालीन सरकार द्वारा 2019 में चलाई गई थी, विभागीय अधिकारियों द्वारा लापरवाही के चलते हितग्राहियों तक सामग्री नहीं भेजी गई जो एक्पायर होने पर गुपचुप तरीके से बंद कुएं में फेंक दी गई। बताया जा रहा है कि मिल्क पाउडर के पैकेट पर फरवरी 2019 की डेट लिखी हुई है, मामले को लेकर महिला एवं बाल विकास अधिकारी जर्षिता तिग्गा का कहना है कि 2019 की बोरियां है, जो कि जनपद पंचायत और बीआरसी कार्यालय द्वारा हमे दी जाती थी, कुएं में फेंकी गई बोरियों के जिम्मेदार हम नहीं हैं। उधर जनपद पंचायत सीईओ संजय अग्रवाल का कहना है कि हजारों बोरियां निकली हैं लेकिन ये कब किसके द्वारा फेंकी गई है जांच का विषय है। मामले को लेकर एसडीएम विजेंद्र रावत से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है मामले की जांच कर कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**वर्षों पुराने कुएं का हो रहा उद्धार-** बता दें कि जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में वर्षों पुराना कुआ है जो कुछ सालों से जल स्तर गिरने से बंद है। अब मुख्यमंत्री के निर्देश पर कुआं की सफाई की जा रही है। बताया जाता है कि इस कुएं का पानी देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जब पचमढ़ी प्रवास पर आते थे, तब उनके स्वास्थ्य को देखकर उन्हें भेजा जाता था।

### आबकारी ने अवैध शराब विरुद्ध की कार्रवाई

**अनोखा तीर, देवास।**

आबकारी विभाग देवास ने अंतर्गत हाटपिपलिया में अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। सहायक आबकारी आयुक्त श्रीमती मंदाकिनी दीक्षित ने बताया कि सहायक जिला आबकारी अधिकारी बीके वर्मा, केएस सिकरवार के नेतृत्व में आबकारी दल ने 4 जून को वृत्त हाटपिपल्या ब में मुखबिर सूचना के आधार पर आवकारी टीम द्वारा हाटपिपल्या के एक रिहायशी मकान की तलाशी ली गई। जिसमें घर के अंदर बने तलघर से 100 पाव देशी मदिरा एवं 161 बीयर केन कुल मात्रा 98.5 बल्क लीटर बरामद हुई तथा मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। बरामद मदिरा आरोपी द्वारा अवैध रूप से संग्रह कर रखे पाए जाने से मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जप्त सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 27 हजार 930 रुपए है। आज की कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव, निधि शर्मा, डीपी सिंह, विजय कुचेरिया, कैलाश जामोद आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रैकवार, दीपक धुरिया आबकारी आरक्षक आशीष गुप्ता, भगत परते, दीपक, विकास,ि नकिता परमार, सैनिक केदार चौधरी, किशोर, अनिल सम्मिलित रहे।

### शनि जन्म जयंती आज...

## प्राचीन शानी मंदिर में महोत्सव के साथ होगा विशाल भंडारे का आयोजन

**अनोखा तीर, खंडवा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भवानी माता रोड स्थित प्राचीन शानी मंदिर में जस्ट ट्रस्ट द्वारा कृष्ण पक्ष की अमावस्या के दिन श्री शनि जन्म महोत्सव एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि खंडवा का शनिदेव का मंदिर काफी प्राचीन है। प्रतिवर्ष उत्साह के साथ शनि जयंती महोत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष भी 6 जून गुरुवार को यह पर्व मनाया जा रहा है, जिन राशि वालों को शनि महादशा, शनि अंतर, प्ररंतर, साढ़ेसाती, राहु केतु दशा अनिष्ट चल रही है, उनको चाहिए कि अपने और अपने परिवार के स्वकल्याण के लिए शनि जयंती पर परिवार सहित मंदिर में पहुंचकर शनिदेव के दर्शन कर अपने हाथों से तेल से अभिषेक कर भगवान को श्रीफल, काला कपड़ा, काली तिल्ली, उडद, नैवेद्य और दक्षिणा अर्पण करें। मंदिर के पुजारी पं. गोविंद रामस्वरूप शर्मा ने बताया कि शनी महोत्सव पर प्रातः 5 बजे से शाम 4 बजे तक श्रद्धालु परिवार सहित प्राचीन शनि मंदिर की प्रतिमा पर अपने हाथों से तेल से अभिषेक कर सकते हैं। दोपहर 12.30 बजे जन्म उत्सव की आरती के साथ भंडारे का आयोजन होगा। रात्रि में भी महाआरती के साथ भजन का कार्यक्रम होगा। सभी भक्त गुरुवार को मंदिर पहुंचकर दर्शन का लाभ लें।




## नमामि गंगे अभियान का शुभारंभ

### विधायक ने शहर व ग्रामीण क्षेत्र में कार्यक्रम अंतर्गत की सफाई

**अनोखा तीर, खंडवा।** पूरे प्रदेश में पर्यावरण दिवस 5 जून से 15 जून तक नमामि गंगे अभियान चलाया जा रहा है। जिसके माध्यम से ऐतिहासिक प्राचीन धरोहरो, कुंए एवं बावड़ियों, पानी के स्त्रोतों को सुरक्षित रखते हुए उनकी देखरेख एवं स्वच्छता को लेकर सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत ग्राम और शहरों में पुरानी संरचनाओं का जीर्णोधार किया जाना है। इस कार्यक्रम के प्रथम दिवस ग्राम बोरगांव खुर्द में खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा अभियान कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कंचन तनवे ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए एवं हमारी प्राचीन धरोहरों की सुरक्षा के लिए हमें आगे आना होगा, हमारे प्राचीन कुएं एवं बावड़ियों एवं पानी के स्त्रोतों को व्यवस्थित रखने के लिए उनका जीर्णोधार एवं



सौन्दर्यीकरण आज की आवश्यकता है एवं ऑक्सीजन की कमी को दूर करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति द्वारा एक पौधा लगाकर उसकी देखरेख करते हुए उसे बड़ा करना हमारी और हमारी पीढ़ी के लिए आवश्यक है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा 5 जून से पूरे जिले में नमामि गंगे अभियान प्रारंभ किया गया है इस कार्य में सभी सहयोगी बने। इस अवसर पर विधायक कंचन मुकेश तनवे के साथ सरपंच नन्नी बाई, किशन पटेल, सुनील जैन, संदेश गुप्ता, जनपद पंचायत अधिकारी डीके कैथवास, श्री पाटीदार, दीपक कनाड़े उपस्थित थे। कंचन तनवे द्वारा नमामि गंगे अभियान अंतर्गत शहरी क्षेत्र में निगम द्वारा सूरजकुंड मंदिर क्षेत्र में आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में भी भाग लेकर अपने हाथों से सफाई की।

# हिरनखेड़ा तालाब पर हुआ नमामि गंगे अभियान का शुभारंभ

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय नमामि गंगे अभियान का शुभारंभ हिरनखेड़ा के प्रसिद्ध गौ उत्पत्ति तालाब पर किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत तालाब में श्रमदान, साफ-सफाई एवं वृक्षारोपण कार्य किये गए। इस अवसर पर विश्व पर्यावरण दिवस पर केंद्रित एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसमें जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रुति चौधरी ने पर्यावरण संरक्षण की महत्वता बताई। उन्होंने कहा कि समुदाय को नदियों, तालाबों एवं जल संरचनाओं के पुनर्जीवीकरण और संरक्षण के लिए विशेष प्रयास और सभी को आगे आकर पर्यावरण घटकों पर ध्यान देना होगा।

मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी राकेश नागर ने जैव विविधता, जल स्रोतों के संरक्षण, पर्यावरण प्रदूषण विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सच्ची हितेषी तो हमारी बुजुर्ग पीढ़ियां थी। नई पीढ़ियां तो आधुनिकता के ताने-बाने में पर्यावरण को अनेक प्रकार से दूषित कर रही हैं। हमें वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है, तभी हम एक स्वच्छ पर्यावरण की संरचना स्थापित कर सकते हैं। आरईएस इंजीनियर नंदिनी तिवारी द्वारा जल स्रोतों के संरक्षण विषय पर अपने विचार रखे गए। इसके साथ ही ग्राम के समाजसेवी आशुतोष लिटोरिया, ग्राम पंचायत हिरनखेड़ा के सचिव हितेश मनवारे ने भी संबोधित किया।




### तालाब पर श्रमदान कर किया पौधारोपण

अभियान के अंतर्गत जिले की सबसे बड़ी जल संरचना-तालाब के रूप में प्रसिद्ध हिरनखेड़ा तालाब पर श्रमदान किया गया। कार्यक्रम में उपसरपंच अभय गौर, वरिष्ठ नागरिक गौतम गौर, सुरेश गौर, शेख जमीर, अतुल साध, माखनलाल साध, रघुवीर हरियाले, मुकेश गौर, अतुल साध, संजय गौर, रजत सोनी, अंकित गौर, जयदीप गौर, संजय गौर, विपुल सोनकिया, हेमंत साध, अशोक गौर, मोना अग्रवाल, विपत भारती, ज्ञानचंद मेहरा, राकेश कुशवाहा, संजय लौवंशी, मोहन विश्वकर्मा, संजू गोस्वामी, आशीष गोस्वामी, शासकीय माध्यमिक स्कूल के शिक्षक रविंद्र चौधरी, राजाराम दामड़े, देवचंद गोहिया, उर्मिला पाटिल एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विनीता साध, कीर्ति गोस्वामी, सहायिका प्रीती लौवंशी, ग्राम कोटवार ज्ञानचंद मेहरा आदि उपस्थित रहे। इसके साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तालाब की पार पर जनपद सीईओ श्रुति चौधरी एवं मनरेगा अधिकारी श्री नागर द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

### जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

# जल गंगा संवर्धन अभियान में जिले के नागरिक आगे बढ़कर भाग लें : कलेक्टर

अनोखा तीर, देवास।



प्रदेश सहित देवास जिले में विश्व पर्यावरण दिवस से जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से प्रारंभ हो कर गंगा दशमीं 16 जून 2024 तक चलेगा। जिले में जल संवर्धन और संरक्षण के लिए आमजन को प्रेरित किया जाएगा। अभियान के पहले दिन कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने शंकरगढ़ पहाड़ी पर पौधारोपण किया। कलेक्टर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में नदी, नालों और ऐतिहासिक एवं पारम्परिक जल संरचनाओं (तालाब, झील, कुंआ, बावड़ी आदि) के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए सम्पूर्ण जिले में अभियान चलेगा। जल गंगा संवर्धन अभियान में जिले के नागरिकगण आगे बढ़कर सहभागिता करें। कलेक्टर ने कहा कि हम पानी बचाने के लिए रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाएं, रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम से पानी का संचय करें। जिला प्रशासन द्वारा बरसात के जल को सहेजने का कार्य किया जा रहा है। जिले के सभी नागरिक इस अभियान में आगे आएं और बरसात के जल को सहेजने के लिए रूफ रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए। कलेक्टर ने कहा कि यदि बरसात का पानी रैन वाटर हार्वेस्टिंग तकनीक के माध्यम से जमीन में उतारेंगे तो निश्चित भू-जल स्तर में वृद्धि होगी। ट्यूबवेल के पानी की हार्डनेस भी कम हो जाएगी, क्योंकि बरसात का पानी सॉफ्ट है। यही बारिश का पानी बहकर सड़कों तक नहीं पहुंचेगा तो शहर में बरसात के मौसम में जल भराव की समस्या नहीं होगी। कलेक्टर ने कहा कि बोरिंग नहीं है तो घर में गढ्ढा खोदकर पानी की टंकी बनाकर संग्रह कर सकते हैं। इसके आलावा प्लास्टिक की पानी की टंकी में पानी स्टोर कर सकते हैं। किसान खेत की मेढ़ पर गढ्ढा खोदकर टंकी बनाकर पानी का संग्रहण कर सकते हैं।

सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति ने कहा कि जिले में 16 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में तालाब, बावड़ी, कुंआ का गहरीकरण कार्य जन भागीदारी से किया जाएगा। नालों के पास से अतिक्रमण हटाकर पौधारोपण का कार्य किया जाएगा। जिले के सभी नागरिक अभियान में शामिल हो। इस दौरान डीएफओ प्रदीप मिश्रा ने मिशन लाईफ अभियान के संबंध में जानकारी दी। पर्यवारण को बचाने के लिए सभी प्रयास करते हैं। उसमें व्यक्तिगत प्रयास पर्यावरण बचाने में सबसे महत्वपूर्ण है। पर्यावरण प्रेमी अभियान में हिस्सा लें। देवास जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बरसात के पहले 10 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है।

# नप कर्मचारी पहुंचे पुलिस थाने, एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन



**अनोखा तीर, खातेगांव।** जल वितरण कार्य में निकाय के कर्मचारियों से मारपीट के संबंध में स्थानीय नगर परिषद के समस्त कर्मचारी पुलिस थाने पहुंचे और एसडीओपी केतन अडलक को अपनी समस्या से अवगत कराते हुए मामला दर्ज करने की मांग की। नगर परिषद के कर्मचारी सचिन शर्मा ने बताया कि निकाय के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी आरिफ खान द्वारा वार्ड 2 एवं 3 में नर्मदा पाइपलाइन के द्वारा जल वितरण का कार्य किया जा रहा है। उक्त कर्मचारी से वार्ड दो केरहवासी रोहित पिता मांगीलाल तंवर के द्वारा गाली-गलौज मारपीट की की जा रही है तथा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है। इस प्रकार की घटना आए दिन होती रहती है। तथा निकाय के कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार किया जाता है। जिससे कर्मचारी जल वितरण का कार्य करने में असमर्थ है। एसडीओपी से कर्मचारियों ने उक्त युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। यदि कर्मचारी के साथ किसी प्रकार की घटना होगी तो जल वितरण का कार्य प्रभावित होगा जिससे व्यवस्था गड़बड़ा सकती है। इस संबंध में एसडीओपी ने कर्मचारियों की बातों को सुना। कर्मचारियों ने एसडीओपी को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग रखी।

## न्यूज ट्रेक

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया भूमिपूजन

**अनोखा तीर, खातेगांव।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत दीपगांव में खातेगांव एसडीएम प्रिया चंद्रावत, तहसीलदार दिवाकर, जनपद पंचायत सीईओ कपी राजोरिया, सरपंच मुकेश पवार के द्वारा भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के संस्था प्रतिनिधि राजेश



कपाली पवार, रामहेत पवार, हीरालाल गहलोत, अशोक यादव, रामेश्वर पवार, हरिओम पवार, लक्ष्मी नारायण ग्रामवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित भूमिपूजन समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों का ग्राम पंचायत सचिव भंवर सिंह पवार एवं ग्राम वासियों ने पंचगणों ने स्वागत किया। ग्राम वासियों द्वारा जन सहयोग से आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में राधेश्याम मितवालिया, रमेश मकवाना, विनीत पवार, रामनिवास चौकीदार रामभरोस पटेल, केदार कामोत्रीय, अमर सिंह, भूरू कुशवाह सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ पर जल को सहेजने के लिए जन सहयोग से कार्य किया जाएगा।

### सेलसमेन से हुई लूट की राशि पुलिस ने फरियादि को सौंपी

**अनोखा तीर, खातेगांव।** बीते दिनों ओमकारा सातल के बीच एक सेल्समेन से लूट की घटना हुई थी। जिसमें फरियादी सेल्समेन से लगभग ७ से ८ लाख रुपए लूट लिए गए थे। उक्त राशि पुलिस द्वारा मंगलवार को सेल्समेन को सौंप दी गई। थाना प्रभारी शुभम सिंह परिहार ने बताया कि बुधवार को लूट की



राशि आज कोर्ट के आदेश पर फरियादि को सौंप दी गई है। उन्होंने बताया कि नमकीन व्यापारी फरियादि कुणाल राठौर के 7 से 8 लाख रुपए उसी के ड्राइवर की साजिश के चलते लूट लिए गए थे। उसके बाद हरणगांव पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ कर रुपए जप्त किए और आज कोर्ट के निर्देश पर फरियादि को उनकी राशि लोटाई गयी है। वहीं नमकीन व्यापारी कुणाल राठौर अपने रुपए पाकर बहुत खुश नजर आये। साथ हीं हरणगांव पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# पर्यावरण दिवस के 51 वर्ष पूरे होने पर सीएम राइज में रोपे 51 पौधे

### -101 पौधे लगाने का लक्ष्य, हरियाली अमावस्या पर लगाए जाएंगे 50 फलदार पौधे

अनोखा तीर, भैरूंदा।

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर नगर के सीएम राइज विद्यालय में 51 पौधों का रोपण किया गया। संयुक्त राज्य संघ द्वारा वर्ष 1972 में 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया था। बुधवार को पर्यावरण दिवस के 51 वर्ष पूरे होने पर संस्था के शिक्षकों ने स्वयं के व्यय से निर्मित शिक्षक वाटिका में 51 पौधों का रोपण किया, जिसमें कई पौधे औषधीय है, जिनका वैज्ञानिक महत्व है। इस दौरान पर्यावरण जागरूकता को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया,जिसमें स्टाफ द्वारा एक लघु नाटिका पेश की गई। जिसका विषय वृक्ष हैं तो जीवन है के संदर्भ में प्रस्तुती दी गई। साथ ही उपस्थित विद्यार्थियों को पर्यावरण सरंक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। ईको क्लब प्रभारी प्रीति चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्यावरण दिवस के 51 वर्ष पूरे होने पर संस्था के शिक्षकों द्वारा जो पौधे रोपित किये गए है वह न केवल पर्यावरण सरंक्षण के लिए उपयोगी साबित होगें बल्कि उनमें से अधिकांश पौधे हमारे



शैक्षणिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए भी है। संस्था के द्वारा कुल 101 पौधे रोपने का लक्ष्य वाटिका में रखा गया है,जिसके तहत आगामी हरियाली अमावस्या को 50 पौधों का रोपण किया जाएगा, जिनमें फलदार वृक्ष लगाए जाएंगे।

**कृषि संकाय के लिए उपयोगी होगी वाटिका** - कृषि संकाय प्रयोगशाला प्रभारी जगदीश कहार ने बताया कि इस वाटिका को कृषि संकाय के लिए भी उपयोगी बनाया जा रहा है। जिसमें विभिन्न फसलों के सेंपल उगाये जाएंगे, जिससे विद्यार्थी प्रत्यक्ष रूप से कृषि के तरीको, फसलों को रोग, उर्वरकों के प्रयोग, सिंचाई, पौधों का सरंक्षण सहित अन्य बातों को तकनीकि रूप से समझ सके। संस्था के प्राचार्य शैलेन्द्र लोया ने इस दौरान कहा कि सीएम राइज विद्यालय का मूल उद्देश्य ही मूल्य आधारित शिक्षा देना है। जिसके तहत हमने इस सत्र पर्यावरण सरंक्षण का संकल्प लिया है और शिक्षक वाटिका निर्माण का यह कदम उठाया है। हम अगले चरण में फलदार और बड़े वृक्ष वाले पौधे रोपित करेंगे। इसके अलावा उन्होंने सभी नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करने की अपील की है। इस मौके पर मुख्य रूप से सचिन त्रिवेदी, पल्लवी यादव, हर्षवर्धन पाठक, एनसीसी व स्काउट केडिट सहित स्टाफ मौजूद था।

### काम पर नहीं आने पर 55 वर्षीय बुजुर्ग के साथ की मारपीट, विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज

अनोखा तीर, देवास। काम के बदले पैसे नहीं देने एवं शोषण कर मारपीट करने की शिकायत ग्राम पटलावदा निवासी रमेश राठौर उम्र 55 वर्ष ने बीएनपी थाना आकर की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि वो विगत 10 वर्षो से गांव के ही बनेसिह राजपूत के यहां काम करता है। 2 जून को जब लड़की की सगाई के लिए ग्राम नरवर गया था। तब उसने बनेसिंह से कहा था कि लड़की की सगाई के लिए नरवर जाउंगा तो कल लेट काम पर आउंगा। अगले दिन शाम को करीब 6 बजे बनेसिहं के यहां काम पर गया तो भैंसों के दूध निकालने के बाद करीब 7 बजे बनेसिहं का पोता कान्हा आया और मुझे मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए बोला कि तु लेट क्यो आया। मैने कहा कि



मैं बताकर गया था कि बाहर जाऊंगा ओर लेट हो जाऊंगा। इसी बात पर कान्हा ने मुझे थप्पड व मुक्के से मारपीट करने लगा। तभी बनेसिहं आया और बोला कि तु नहीं आया तो तेरी पत्नी या तेरे लड़के की पत्नी को काम पर भेजता। बनेसिह ने बागरे की उठाकर पीछे, पीठ व शरीर पर अन्य जगह पर मारी। फिर मुझे पकड़कर सुकले के कोठे मे ले गया और वहां पर मुझे धक्का देकर नीचे पटक दिया। लात घूंसों से मारपीट की। जिससे मुझे दाहिने हाथ की उंगली में चोट लगी है। बनेसिंह व उसके पोते ने जातिसूचक शब्द भी कहे। साथ ही धमकी दी कि आज के बाद नजर आया तो जान से मार देंगे। यह पूरी घटना मेरे गांव के कुछ लोगों के सामने हुई है। मेरे साथ हुई मारपीट से मुझे दो दिनों तक जिला अस्पताल में भर्ती रहकर ईलाज कराना पडा। 5 जून से अस्पताल से छुट्टी हुई। छुट्टी होने के बाद पुनः दबंगों ने फोन लगाकर रमेश को धमकी दी। पीड़ित बुजुर्ग रमेश राठौर की रिपोर्ट पर बनेसिंह राजपूत और कान्हा राजपूत पर बीएनपी पुलिस ने धारा 294, 323, 506, 34, 3(1)(द), 3(2)(वीए) में प्रकरण दर्ज किया है।

### रिकार्ड मतों से जीते शिवराज लेकिन कार्यकर्ताओं में नही दिखा उत्साह

**अनोखा तीर, भैरूंदा।** लोकसभा चुनाव के परिणाम में देश में मतदान प्रतिशत के अनुसार सबसे बड़ी जीत हासिल करने वाले शिवराजसिंह चौहान के विधानसभा क्षेत्र बुदनी में ही रिकॉर्ड मतों से हुई जीत को लेकर कार्यकर्ताओं में कोई उत्साह देखने को नहीं मिला। शाहगंज, बुदनी, रेहटी, भैरूंदा, गोपालपुर सहित विधानसभा क्षेत्र के सभी बड़े-छोटे गांव में कार्यकर्ता उत्साहित नजर नहीं आ रहे है। रिकॉर्ड मतों से जीत के बाद भी आतिशबाजी, मिठाई वितरण नहीं हो पाई और शिवराज सिंह की बधाई को लेकर नजर आने वाले फ्लैक्स व पोस्टर भी नदारद है। ऐसा लगता हैं कि स्वयं कार्यकर्ता इस बात को लेकर खुश नहीं हैं। हालांकि देश में एनडीए गठबधन की स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार तो बन गई, लेकिन भाजपा अकेलेदम पर स्पष्ट बहुमत नहीं ला सकी,जिससे कार्यकर्ताओं में मायूसी देखने को मिल रही है।

इसी का नतीजा है कि देश में इतनी बड़ी जीत हासिल करने के बाद भी कार्यकर्ता शिवराजसिंह चौहान की जीत का जश्न नहीं मना पा रहे हैं। लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद अब शिवराज सिंह चौहान बुदनी विधानसभा से इस्तीफा देंगे इसी बात को लेकर कई कार्यकर्ताओं में मायूसी ही बनी हुई है। भाजपा कार्यकर्ताओं का इस मामले में कहना है कि शिवराज सिंह चौहान को नगर आगमन के दौरान जीत का जश्न उत्साह के साथ मनाया जाएगा। लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि परिणाम आने के बाद नगरीय क्षेत्रों में एक पटाखे की गूंज भी सुनाई नहीं दी।

# पुणे में आयोजित अभा संस्कृतिक मंच पर देवास के 7 प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

**अनोखा तीर, देवास।** अखिल भारतीय संस्कृतिक संघ पुणे (यूनिस्को पेरिस फ्रांस, से आधिकारिक संबद्धता प्राप्त) द्वारा 20वां सांस्कृतिक मंच 2024 का सफल आयोजन पुणे में संपन्न हुआ। उक्त आयोजन भारत के विभिन्न राज्यों से 4500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसी तारतम्य में देवास से सांई कला



संगीत क्लासेस के संचालक शिरीष चांदोलिकर के सानिध्य में 7 विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाई। आयोजन में हिस्सा लेने गए दिशा पटेल 7 वर्ष ने सिंथसाईजर की प्रस्तुति देकर चैयरमेन आवार्ड हांसिल किया। देवेन्द्र बैरागी 14 वर्ष ने रागिनी चांदोलिकर के साथ हारमोनियम पर संगत करके चैयरमेन आवार्ड हांसिल किया। शिवम श्रीवास्तव 7 वर्ष ने तबला प्रस्तुति देकर द्वितीय पुरस्कार अर्जित किया। मितांश मोदी 12 वर्ष ने सिंथसाईजर की प्रस्तुति देकर चैयरमेन आवार्ड हांसिल किया। प्रसुन झांसीवाले 14 वर्ष ने ऑनलाईन शिक्षा प्राप्त कर सिंथसाईजर में द्वितीय पुरस्कार अर्जित किया। अक्षत सोलंकी 11 वर्ष ने माऊथऑर्गन की सुंदर प्रस्तुति देकर तृतीय पुरस्कार अर्जित किया। इस श्रेष्ठ प्रदर्शन के पश्चात समस्त प्रतिभागी दुबई अबूधाबी में नवम्बर माह में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

### जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए नमामि गंगे अभियान 5 जून से आरंभ

# मीठा तालाब पर महापौर एवं सभापति ने किया श्रमदान

**अनोखा तीर, देवास।** जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिए 5 जून से 15 जून तक निगम सीमा क्षेत्र में स्थित तालाब, कुंए, बावड़ी, जलाशयों की सफाई कर उन्हें पुर्नजीवित किया जा सके। शासन निर्देशानुसार इसके लिए नमामि गंगे अभियान की शुरूआत 5 जून बुधवार से महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल एवं निगम सभापति रवि जैन की उपस्थिति में निगम अधिकारी, कर्मचारियों तथा सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी, एनसीसी के छात्र एवं छात्राओं के साथ मीठा तालाब पर स्वच्छता अभियान चलाया जाकर शुरूआत की गई। महापौर ने बताया कि जल संरक्षण के लिए जल स्त्रोतों को बढ़ावा देने शहर में कुए, बावड़ी, तालाब जो स्थित हैं उनकी नमामि गंगे अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया जाकर जल स्त्रोतों के पुर्नजीवन के लिए प्रतिदिन वार्डों में स्थित कुंए बावड़ी आदि की सफाई की जाएगी जिससे जल स्त्रोतों को बढ़ावा मिलेगा। स्वच्छता अभियान आरंभ के दौरान सभापति रवि जैन ने बताया कि नमामि गंगे अभियान एवं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जल स्त्रोतों को बढ़ावा एवं पर्यावरण की सुरक्षा की दृष्टि से स्वच्छता अभियान आरंभ कर शहर में स्थित कुंए, बावड़ी, तालाब आदि की प्रतिदिन वार्डों में निगम अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक संस्थाओं के साथ कार्य कर जल स्त्रोतों को पुर्नजीवित किया जाएगा।

इस अवसर पर शहर में स्थित मीठा तालाब पर स्वच्छता अभियान आरंभ में महापौर एवं सभापति के साथ उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी एवं संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रमदान किया। श्रमदान के दौरान उपस्थित गणों के द्वारा जल संरक्षण एवं पर्यावरण की सुरक्षा एवं प्रति वर्ष एक पौधा लगाने तथा उसका संरक्षण करने की



शपथ भी ली। इसी आयोजन के तहत वार्ड 27 में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि आबिद खान एवं निगम उपायुक्त श्रीमती पिपलोनिया, उपयंत्री श्री जाधव के साथ वार्ड के रहवासियों के द्वारा पौधा रोपण भी किया गया। प्रतिदिन वार्डों में नमामि गंगे अभियान के तहत स्वच्छता अभियान में विभिन्न गतिविधि निगम द्वारा आयोजित की जाएगी। इसके लिए कुशल कार्य की व्यवस्था के लिए आयुक्त रजनीश कसेरा ने निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित भी किया।


## कार्यालय नगर परिषद नेमावर जिला-देवास (म.प्र.)

Email-cmonemawar@mpurban.gov.in Ph.(07274)-277803

क्र./राजस्व शा./न.प./2024/737 | नेमावर दिनांक 05/06/2024

**:: सार्वजनिक निलामी सूचना ::**

-----00-----

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् नेमावर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु नर्मदा तट पर स्थित तुलादान तौलकांटा शुल्क वसूली के अधिकार संविदा पर दिये जाने हेतु सार्वजनिक निलामी नगर परिषद् कार्यालय सभाकक्ष में **दिनांक 12.06.2024 समय दोप. 02 बजे** से रखी गई है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | शुल्क वसूली कार्य का नाम | वसूली क्षेत्र | शासकीय बोली | अमानत राशि | संविदा की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तुलादान तौलकांटा शुल्क वसूली | नर्मदा तट | 2,20,000/- | 50,000/- | 01.04.2024 से 31.03.2025 तक |

**नियम एवं शर्ते-**

1. निलामी में भाग लेने वाले इच्छुक बोलीकर्ता को अपनी पहचान तथा पता की जानकारी के संबंध में आवेदन हेतु राशनकार्ड, मतदाता पहचानपत्र, पेनकार्ड, आधार कार्ड की छायाप्रति तथा पते की जानकारी हेतु राशनकार्ड, बिजली बिल, टेलीफोन बिल की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
2. निलामी में भाग लेने वाले इच्छुक बोलीकर्ता को निलामी में भाग लेने से पूर्व निर्धारित अमानत राशि का बैंकर्स चैक / बैंक ड्राफ्ट/तथा नगद राशि की रसीद के साथ बैंक पासबुक की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा तभी बोली लगाने की पात्रता होगी।
3. निलामी में भाग लेने वाले इच्छुक बोलीकर्ता को निलामी में भाग लेने के पूर्व नगर परिषद् को कोई भी कर बकाया नहीं है संबंधी प्रमाण पत्र जमा कराना अनिवार्य होगा।
4 बोली स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर परिषद नेमावर को रहेगा।
5. निलामी ठैंकों की समस्त शर्तें कार्यालय परिषद नेमावर की राजस्व शाखा में उपलब्ध है अवलोकन किया जा सकता है।
6. नगर परिषद् द्वारा निर्धारित शुल्क अनुसार ही शुल्क राशि की वसूली की जावे।
7. नगर परिषद का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य रहेगा।

**कृष्णगोपाल अग्रवाल**, अध्यक्ष, नगर परिषद नेमावर
**ठा. राजपाल सिंह तोमर**, उपाध्यक्ष, नगर परिषद नेमावर
**बलीराम मण्डलोई**, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद नेमावर



# एक्शन मोड में कलेक्टर

## ● बस स्टैंड पहुंचकर हटवाया अतिक्रमण

अनोखा तीर, बैतूल।

निर्वाचन प्रक्रिया को पूरा हुए 12 घंटे भी नहीं गुजरे और कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी अतिक्रमण के अधूरे काम को पूरा करने निकल पड़े। श्री सूर्यवंशी ने कोठी बाजार स्थित बस स्टैंड का बुधवार को औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बस स्टैंड परिसर स्थित सराय कॉम्प्लेक्स की दुकानों का निरीक्षण किया। आवंटित दुकान में फ्रूट व्यापारी द्वारा अपनी सीमा से बाहर अतिक्रमण कर फ्रूट मार्केट लगा रखा था। उन्होंने तत्काल सीएमओ ओमपाल भदौरिया को चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए। फलों के खाली क्रेन जो काम्पलेक्स के प्रवेश द्वार पर एकत्रित कर रखे थे, उन्हें जप्त कर चालान बनाने के लिए कहा। काम्पलेक्स के अंदर एमके मोबाइल शॉप द्वारा फ्लेक्स, विज्ञापन बोर्ड, कॉरिडोर में रखे थे। उन्हें हटवाकर एक-एक हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

**रूफटॉप का होगा कायाकल्प-** कलेक्टर ने सराय काम्पलेक्स की रूफ टॉप का निरीक्षण किया। उसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। रूफटॉप के टेंडर करने और उसमें फिर लिफ्ट के लिए प्रस्ताव के लिए सीएमओ श्री भदौरिया को निर्देश दिए। कॉम्प्लेक्स में स्थित डॉ. कापसे का दवाखाना बंद होने के बाद भी अतिक्रमण कर रखा था, जिससे कॉरिडोर आने जाने वाले लोगों को चलने में परेशानी हो रही थी।

**होटल स्टूडेंट का शटर डाउन-** कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बस स्टैंड काम्पलेक्स स्थित होटल स्टूडेंट में भारी गंदगी एवं पेयजल व्यवस्था, खाने की क्वालिटी और बस स्टैंड की कॉरिडोर में 25 बेंच लगाकर भोजनालय चला रहा था। अतिक्रमण एवं भारी गंदगी के कारण उन्होंने सीएमओ को होटल में ताला लगाने के निर्देश दिए और शटर डाऊन करवाया गया। वहीं होटल के पिछले भाग में शराब की खाली बोतलें जप्त कर कार्रवाई की गई। बस स्टैंड काम्पलेक्स में ही होटल आदर्श में किचन में भारी अव्यवस्था के कारण एक हजार का जुर्माना लगाते हुए होटल मैनेजर को गंदगी के लिए फटकार लगाई।

**लगातार पहुंच रहे मौके पर** लोकसभा निर्वाचन की प्रक्रिया के चलते कलेक्टर ने अपने 6 माह कार्यकाल में ही पहले अतिक्रमण, रेत उत्खनन, महामारी के बुखार पीड़ित ग्रामवासी हो या फिर जल संकट की समस्या हो तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्यवाही के परिणाम ही सामने आते चले गए। व्यक्ति विशेष द्वारा बल पूर्वक एवं छल पूर्वक किए जाने वाले कार्यों से जनमानस को राहत मिली।

### नेताजी करें हस्तक्षेप तो मुझे बताएं

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने पूरे बस स्टैंड क्षेत्र का मुआयना किया। बस स्टैंड के पिछले भाग में ट्रेवल्स के बोर्ड, ट्रेवल्स की गुमठियों में चल रहे आफिस जप्त करवाएं। पिछले भाग में चल रहे एक होटल में भी गंदगी का साम्राज्य था। बस स्टैंड स्थित होटल को हटाने के निर्देश पर अधिकारियों ने कहा कि पार्षद नेताजी कार्यवाही नहीं करने देते। कलेक्टर ने कहा जब भी कोई ऐसे नेताजी लीगल कार्रवाई करने नहीं दे तो मुझसे मिलवाएं।

## न्यूज ट्रेक

### ग्राम पंचायत खारदा में शुरू हुआ बावड़ी के जीणोद्धार का कार्य

## नमामि गंगे के तहत कार्यक्रम आयोजित

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले माखननगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत खारदा में बुधवार को नमामि गंगे कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर पूजन कर किया गया। जिसके बाद बावड़ी में कन्याओं के साथ पूजन-अर्चना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सीईओ सतीश अग्रवाल



उपस्थित रहे। जिन्होंने ग्रामीणों को जल संरक्षण के तरीकों से अवगत कराया कि वह किस तरीके से गांव में स्थित कुआं, बावड़ी, तालाबों एवं अन्य जल स्रोतों का संरक्षण कर भूमिका जल स्तर को बढ़ा सकते हैं। सीईओ ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के जरिए ग्राम खारदा की बावड़ी का 4 लाख 50 हजार रुपए की लागत से जीणोद्धार का कार्य से शुरू किया गया है। इसके अलावा पूरी जनपद पंचायत क्षेत्र में इस कार्यक्रम के तहत 150 कार्यों को चिन्हित किया गया है। जिनका कार्य किया जाना है। इस दौरान सीईओ सतीश अग्रवाल के अलावा सहायक यंत्री हरिशंकर नायक, उपयंत्री सकल जनपद सदस्य श्रीमती सुमन मार्सकोले, सरपंच लादूराम प्रजापति एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर हुई गतिविधियां

## पलकमति नदी में सफाई एवं नप कार्यालय में हुआ वृक्षारोपण

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** नगर परिषद द्वारा बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर के विभिन्न नालों की साफ-सफाई करवाई गई। साथ ही पलकमति नदी के गौतम वार्ड घाट एवं रामगंज रपटे की सफाई करवाई गई



और आसपास के रहवासियों को स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। इस अवसर पर मछली बाजार में दुकानदारों एवं नागरिकों को 5 जून से 16 जून तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में बताया गया तथा प्रतिवर्ष एक वृक्ष अवश्य लगाने के लिए कहा गया। साथ ही दुकानदारों को पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने की समझाइए दी गई। वहीं नगर परिषद के स्वच्छता कर्मियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर पर्यावरण का संदेश दिया गया एवं अपने जन्म दिवस पर एक वृक्ष अवश्य लगाने की शपथ ली गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी जीएस राजपूत ने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में जल स्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुआं, बाबड़ियों तथा अन्य जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए 5 जून से 16 जून तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत नगर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## राजस्व विभाग ने पकड़ी रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्राली



**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** नगर में अवैध परिवहन करते हुए रेत से भरे एक ट्रैक्टर-ट्राली को राजस्व अमले द्वारा पकड़ कर स्थानीय पुलिस चौकी में खड़ा किया। चौकी प्रभारी आकाशदीप पचाया ने बताया कि विगत मंगलवार रात्रि में राजस्व विभाग द्वारा ट्रैक्टर- ट्राली से अवैध रेत का परिवहन करते एक ट्रैक्टर- ट्राली को पकड़कर पुलिस चौकी में खड़ा कर प्रतिवेदन बनाकर माइनिंग विभाग को भेज दिया गया है।

# लोगों को नहीं मिला पानी

## कलेक्टर ने लगा दी एनएचएआई अधिकारियों की क्लास

अनोखा तीर, बैतूल।



बैतूल से इंदौर तक सड़क बनाने वाली बंसल कंपनी की एक और बड़ी लापरवाही आम जनता पर भारी पड़ गई। नगरपालिका द्वारा शहर के लोगों को पानी सप्लाई करने के लिए ताप्ती बैराज से विवेकानंद वार्ड के फिल्टर प्लांट तक पाइपलाइन को बंसल कंपनी द्वारा दनोरा के पास हाईटेंशन लाइन के लिए ड्रिलिंग के दौरान तोड़ दिया गया था। बुधवार सुबह जब शहर के 22 वार्डों में रहने वाले हजारों लोगों तक पानी नहीं पहुंचा तो सूचना के बाद कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और वे तत्काल मौके पर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि कलेक्टर ने तत्काल एनएचएआई और बंसल कंपनी के अधिकारियों को मौके पर तलब किया और उनकी जमकर क्लास लगा डाली। अधिकारियों को कलेक्टर ने साफ अल्टीमेटम दे दिया है कि कुछ भी हो सुधार कार्य पूरा होने तक एक मिनट भी काम रुकना नहीं चाहिए। इसके बाद कंपनी के कर्मचारी मशीनें लेकर मौके पर पहुंचे और सुधार कार्य शुरू करवाया। इधर नपा के सब इंजीनियर ब्रजेश खानुरकर ने बताया कि कोशिश है कि आज रात तक सुधार कार्य पूर्ण करवा लिया जाएगा।

**दूसरी बार फोड़ी गई नपा की पाइप लाइन-**बंसल कंपनी द्वारा यह पहली दफा नहीं बल्कि दूसरी दफे नपा की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त की गई है। पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होते ही एनीकेट तक आने वाला पानी तेज प्रवाह के साथ हजारों लीटर पानी खेतों में चला गया। सूचना मिलते ही ताप्ती बैराज से पानी की सप्लाई बंद करवाई गई। बुधवार को लोग पानी सप्लाई का इंतजार कर ही रहे थे कि जानकारी मिली कि शहर के लोगों को आज पानी सप्लाई नहीं हो पाएगी। सब इंजीनियर ब्रजेश खानुरकर ने बताया कि सूचना मिलते ही कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी एवं सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया मौके पर पहुंच गए थे। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में सुधार कार्य रोका ना जाए। कम्पनी पर कार्यवाही को लेकर श्री खानुरकर ने बताया कि, फिलहाल सुधार कार्य पहली प्राथमिकता है। इसके बाद उच्च अधिकारियों के जो भी निर्देश होंगे कार्यवाही की जाएगी।

**ड्रिलिंग के दौरान फूट गई पाइप लाइन-** प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम बंसल कंपनी द्वारा दनोरा ओवरब्रिज के पास में हाईटेंशन लाइन के लिए ड्रिलिंग का काम किया जा रहा था। इसी दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फूटने के बाद शहर के लोगों को बुधवार पानी की सप्लाई नहीं की हो पाई। शहर के 22 वार्डों में बुधवार होने वाली सप्लाई बुरी तरह बाधित हो गई। यदि आज रात तक सुधार हो गया तो कल लोगों को पानी की सप्लाई दी जा सकती है। गौरतलब है कि नगर पालिका के पास फिलहाल ताप्ती बैराज के अलावा शहर के लोगों को पानी सप्लाई का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। लाखापुर और गंगूडोह का पानी खत्म होने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। इससे पहले भी सड़क निर्माण कार्य के दौरान बंसल कंपनी द्वारा पाइपलाइन क्षतिग्रस्त की जा चुकी है।

**इनका कहना है-** बंसल कंपनी की लापरवाही से पाइप लाइन फूटी है। कलेक्टर ने निरीक्षण कर जल्द से जल्द सुधार कार्य के निर्देश दिए हैं। कंपनी के खिलाफ एफआईआर भी करवाएंगे।

**- ओमपाल सिंह भदौरिया, सीएमओ नपा बैतूल।**

# धीमी गति से चल रहा सड़क निर्माण का कार्य

**-ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी, फंस रहे वाहन**



**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** ग्राम के पीपल चौक से रेलवे स्टेशन गुरम खेड़ी को जोड़ने वाली करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली डिवाइडर युक्त सड़क के निर्माण कार्य बड़ी धीमी गत से चल रहा है। अव्यवस्थित निर्माण कार्य को लेकर ग्राम वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि इस सड़क के निर्माण कार्य को प्रारंभ हुए छः माह से अधिक का समय हो गया। परंतु यह कार्य अभी आधा भी नहीं हो पाया है। सड़क निर्माण के प्रारंभ में ही खुदाई के दौरान अनेक स्थानों पर पानी की पाइपलाइन नल कनेक्शन फूट जाने से ग्रामीणों को पानी की समस्या भी हो रही है। सड़क निर्माण के पूर्व लोक निर्माण विभाग और ठेकेदार द्वारा सड़क से लगे अतिक्रमण को हटाने संबंधी कोई कार्यवाही नहीं की गई। सड़क निर्माण से पूर्व डिवाइडर का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से पीपल चौक से रेलवे स्टेशन तक रेल से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए वैकल्पिक मार्ग नहीं होने के कारण आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं रेलवे स्टेशन एवं जमुनिया से सेमरी आने वाले यात्रियों ग्रामवासियों के दोपहिया, चार पहिया वाहन तथा ट्रैक्टर-ट्राली से फसल लाने ले जाने वाले किसानों को आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है। इसी सड़क निर्माण के लिए जेसीबी मशीन खोदी गई सड़क के गड्ढे में एक फोर व्हीलर कार अनियंत्रित होकर नाली में जा घुसी। जिसे देख वहां लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई और वहां मौजूद लोगों ने मिलकर कार को नाली से उठाकर सड़क पर रखा। इसमें कर का थोड़ा बहुत नुकसान भी हो गया। वैसे तो इस कार्य में देरी हो रही है, कुछ दिनों बाद मानसून आ सकता है और बरसात आने वाली है। बरसात में काम होना संभव नहीं होता। लोगों का कहना है अगर यह काम बरसात लगने से पहले हो जाता है, तो बरसात में क्षेत्र वासियों को परेशान नहीं होना पड़ेगा।

### इनका कहना है

अभी जो रोड पर दो पुलिया बनाई गई थीं, जो अभी कच्ची है। उनमें भारी वाहन नहीं जान के कारण खोदी गई साइड नहीं पुर पाई है। प्रयास करेंगे जल्दी से जल्दी गिट्टी डलवा कर कार्य तेज गति से प्रारंभ किया जाए।

**- आरपी शर्मा, इंजीनियर पीडब्ल्यूडी।**

# विश्व पर्यावरण दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं



अनोखा तीर, इटारसी।

नगर के शासकीय कन्या महाविद्यालय में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बताया गया कि महाविद्यालय में प्राचार्य के निर्देशानुसार प्राणीशास्त्र विभाग, एनसीसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए छात्राओं द्वारा पोस्टर निर्माण, जागरूकता रैली एवं प्राचार्य, स्टाफ एवं छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने बताया कि पर्यावरण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता और क्रियाशीलता के लिए देश भर के लाखों लोगों को एकजुट करना तथा जनसामान्य को पर्यावरण के महत्व से परिचित कराकर, इसके संरक्षण का प्रयास कराना है। प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. संजय आर्य ने बताया कि इस वर्ष 2024 की थीम भूमि पुर्नस्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन है। इसका फोकस हमारी भूमि नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर केंद्रित कर किया गया है। पर्यावरण पर मनुष्य ही नहीं, बल्कि सभी जीव-जंतु, पेड़-पौधे, प्राकृतिक वनस्पतियां आदि पूरी तरह निर्भर हैं। पर्यावरण के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती है, क्योंकि पर्यावरण ही पृथ्वी पर एक मात्र जीवन के आस्तित्व का आधार है। पर्यावरण, हमें स्वस्थ जीवन जीने के लिए शुद्ध, जल, शुद्ध वायु, शुद्ध भोजन उपलब्ध करवाता है। अंत मे डॉ. संजय आर्य द्वारा सभी छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर श्रीमती मंजरी अवस्थी, डॉ. संजय आर्य, स्नेहांशु सिंह, डॉ. हर्षा शर्मा, रविन्द्र कुमार चौरसिया, श्रीमती पूनम साहू, डॉ. मुकेश चंद्र बिष्ट, डॉ. शिरीष परसाई, डॉ. शिखा गुप्ता, डॉ. नेहा सिकरवार, डॉ. श्रद्धा जैन, तरुणा तिवारी एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

### जागरूकता रैली निकाली, किया पौधारोपण

# हमें जीवित रहने के लिए पेड़ों को जीवित रखना आवश्यक : न्यायाधीश

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** दुनिया में जीवों के जीवित रहने के लिए पेड़ों का जीवित रहना जरूरी है। इसलिए हर व्यक्ति को पेड़ लगाना जरूरी है। उक्त बात स्थानीय न्यायालय की न्यायाधीश सुश्री सरोज डेहरिया ने न्यायालय प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण करते समय कही। न्यायाधीश डेहरिया ने कहा कि मानव ने अपनी सुविधाओं के लिए पेड़ों और जंगलों को नष्ट कर दिया है। जबकि जीवों को जीवित रहने के लिए पेड़ों का जीवित रहना आवश्यक है। इसीलिए हमें चाहिए कि हम सब मिलकर अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पेड़-पौधे लगाएं। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा कि हमारा दायित्व पेड़-पौधे लगाने तक ही सीमित नहीं रहता है। हमें इन पौधों के बड़े होने तक इनका पोषण करना भी जरूरी है। इस अवसर पर न्यायालय प्रांगण में 10 पौधों का वृक्षारोपण



किया गया। साथ उपस्थितों ने सभी वृक्षों के पोषण की शपथ ली। वृक्षारोपण के समय न्यायाधीश सुश्री सरोज डेहरिया, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेश मिश्रा, विनोद शर्मा, शेखर पुरोहित, राकेश शर्मा, विजेंद्र गुर्जर, विनय सिम्पी, राम यादव, रोहित केवट सहित न्यायालय के कर्मचारी और पक्षकार गण उपस्थित रहे।

# नमो गंगे अभियान की हुई शुरूआत, प्राचीन शिवमंदिर पर हुआ वृक्षारोपण

**अनोखा तीर, भैंसदेही।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार स्थानीय नगर परिषद द्वारा नमों गंगे अभियान की बुधवार 5 जून से 15 जून तक की शुरूवात की गई। बुधवार को प्रात : समय में प्राचीन शिव मंदिर में स्थित जल संग्रहण स्थल मनकर्णा कुण्ड की समुचित साफ-सफाई नगर परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी, पूर्व भाजपा



जिलाउपाध्यक्ष प्रदीपसिंह किलेदार, पूर्व पार्षद अजय सिंह कौशिक, कृष्णराव महाले, भाजपा मंडल महामंत्री दिलीप घोरे, मंडल उपाध्यक्ष बंटी आर्य, पूर्व एल्डरमेन कमलेश गोलू राठौर, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संतोष पाल, भाजपा नेता अमित उघडे, राजा गावंडे, मुख्य नपा अधिकारी एआरसांवरे, वामन पाटनकर, केएस उईके, अशोक कुबड़े, ललित उईके, अभिषेक पाटनकर, सोनू आर्य, सौरभ राजुरकर, सुमित गायकवाड़ तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में की गई। साथ ही प्राचीन शिवमंदिर परिसर में सघन वृक्षारोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। नमों गंगे अभियान को संबाधित करते हुए नगर के प्रथम नागरिक परिषद अध्यक्ष मनीष सोलंकी ने कहा कि इन दिनों पूरे देश में भयावह गर्मी की तपन से पारा 50 डिग्री के पार हुआ। हमें जरूरत है पर्यावरण को सुरक्षित करने वृक्षों को लगाकरण उनके पूर्णत : पालना, यदि प्रत्येक नागरिक 2-2 वृक्ष भी लगाये तो इस दिशा में बहुत ही सार्थक कदम होगा। परिषद द्वारा अभियान के तहत नदी नालों, जल स्त्रोंतो पर सघन सफाई अभियान चलाकर नगर में वृक्षारोपण भी किया जाएगा।

# दो दिनों से हो रही बारिश से तापमान में गिरावट

## -मौसम को देखते हुए अधपकी मूंग फसल कटा रहे किसान



**अनोखा तीर, मसनगांव।**

क्षेत्र में दो दिन से हो रही बारिश से मौसम में परिवर्तन बना हुआ है, पिछले कुछ दिनों से तापमान में वृद्धि होने के बाद तेज गर्मी और उमस के कारण ग्रामीण परेशान थे, लेकिन मंगलवार सुबह और रात को हुई बारिश से जहां तापमान में गिरावट आई है। वहीं मौसम खराब होने से खेतों में खड़ी हुई मूंग की फसल को किसान अधपकी ही कटा रहे हैं। ज्येष्ठ के महीने में प्री-मानसून गतिविधियां शुरू हो जाती है, लेकिन किसानों के द्वारा पीछे बोई गई मूंग की फसल को पकाने में समय है, लेकिन मौसम को देखते हुए सभी किसान फसल को जल्दी कटाने के चक्कर में रासायनिक दवाई डालकर सुखा रहे हैं, जिससे कि वह जल्दी कटाई कर सके। ग्राम के किसान अजय पाटिल तथा नारायण देवासिया ने बताया कि मौसम खराब होने से तथा हार्वेस्टरों के जाने के कारण फसल की कटाई जल्दी करना पड़ रही है, जबकी फसल को पकने में आठ दिन से अधिक लग जाएंगे, इसके बावजूद बारिश का समय नजदीक होने से फसलों को कटाना पड़ रहा है।

# खेत मालिक ने ही मारी मजदूर के पैर में गोली

- **पुलिस ने मामले का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार**

**अनोखा तीर, हरदा।** जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम नीमगांव में 4 जून मंगलवार सुबह एक खेत में काम कर रहे मजदूर के पैर में गोली लगने की घटना सामने आई थी। घायल मजदूर ने खेत की मेढ़ पर रखे पत्थर उठाने की बात को लेकर तीन नकाबपोशों पर पैर में गोली मारने की बात बताई गई थी। हालांकि पुलिस को मजदूर की बात पर संदेह हो रहा था। इस मामले को लेकर एसपी अभिनव चौकसे ने खुद मौके पर जाकर सिविल लाइन थाना पुलिस को मामले की बारीकी से जांच करने के निर्देश दिए गए थे। सिविल लाइन थाना प्रभारी संतोष सिंह चौहान ने बताया कि घटना की जांच के दौरान घायल मजदूर राहुल पिता प्रकाश भलावी 20 साल निवासी निवासी ग्राम भैरोपुरा जिला देवास ने बताया कि वह बीते कुछ महीनों से नीमगांव के रहने वाले रोहित झूरिया के खेत पर मजदूरी का काम कर रहा था। उसने बताया कि रोहित झूरिया एवं उसके पड़ोसी का 4 जून को सुबह झगड़ा हो गया था। खेत पड़ोसी के चले जाने के बाद रोहित ने मजदूर राहुल से कहा कि मैं तेरे पैर में गोली मार देता हूं। तुम खेत पड़ोसी ब्रजेश का नाम पुलिस को बता देना ओर उसके बाद दाहिने पैर में पिस्टल से गोली मार दी ओर अस्पताल में भर्ती कराया। उसने डर से सही घटना किसी को नही बताई। पुलिस ने घायल मजदूर राहुल की रिपोर्ट पर आरोपी रोहित पिता दिनेश झूरिया के खिलाफ धारा 307, 506 व एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है।




विश्व पर्यावरण दिवस

# जिला न्यायालय परिसर में किया पौधरोपण

**अनोखा तीर, हरदा।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जिला न्यायालय परिसर में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती तृप्ति शर्मा, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश रोहित सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहित श्रीवास्तव तथा अधिवक्ता संघ सचिव सुदीप मिश्रा, संजय गौर, क्रंति जैसानी एवं अन्य अधिवक्ता गण, अपर्णा लोधी जिला विधिक सहायता अधिकारी, पक्षकारों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के वृक्षों का रोपण किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा की गई, जिन्होंने अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, आज के समय में पर्यावरण की सुरक्षा और संवर्धन हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण को संरक्षित करने में सहायक है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य और समग्र जीवन गुणवत्ता में भी सुधार करता है। अधिवक्ताओं और पक्षकारों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। न्यायालय परिसर के इस हरे-भरे पहल से न्यायालय का वातावरण और अधिक सुकूनदायक और स्वच्छ हो जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने संकल्प लिया कि वे न केवल अधिक से अधिक वृक्षारोपण करेंगे, बल्कि उनके संरक्षण और देखभाल का भी पूरा ध्यान रखेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर पर्यावरण की रक्षा और संवर्धन हेतु एक सामूहिक प्रतिज्ञा ली। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के सफल आयोजन में न्यायालय प्रशासन, अधिवक्ता संघ, पेरालीगल वालंटियर और पक्षकारों का सहयोग सराहनीय रहा।

## वन माफियाओं ने पर्यावरण दिवस पर भी नहीं छोड़ा जंगलों को, चलती रही कुल्हाड़ियां

# हजारों एकड़ में फैला जंगल हो चुका है कृषि भूमि में तब्दील

**अनोखा तीर, भैरूंदा।**

वनों की अंधाधुंध कटाई क्षेत्र के लिए घातक साबित हो रही है। लाड़कुई व रेहटी वन परिक्षेत्र हजारों एकड़ में फैला क्षेत्र है। यहां पहले जंगलों का अपार समूह सागौन की बेशकीमती लकड़ियां और पर्यावरण के प्रति जागरूकता देखने को मिलती थीं। लेकिन अब यहां पर नजारे बदल चुके है। पर्यावरण को बढ़ाने की बात तो दूर जंगल में लकड़ियों का दोहन किया जा रहा है। अपने लालच के पीछे मानव पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाकर इन्हें नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। मानव के शरीर पर होने वाले प्रहार से उसे तो दर्द होता है और वह अपने दर्द को बता भी देता है लेकिन पेड़ों पर होने वाले प्रहार से वह अपनी आपबीती किसी को नही बता पाता है। जो वन हमे आक्सीजन देते हैं, जो मानव जीवन को सुरक्षित रखते हैं, जिनके कारण मानव का अस्तित्व चल रहा है, ऐसे पेड़-पौधों को काटने में मनुष्य सबसे पहले आगे रहकर नष्ट कर रहा है। जो हालात इस समय बने है यदि स्थितियां बदस्तूर जारी रही तो हम शुद्ध आक्सीजन लेने के लिए भी भटकेंगे। लेकिन ऐसा लगता है कि यह सभी बातें पुस्तकों में पढ़ने पर ही अच्छी लग रही है। सोशल मीडिया पर इस समय ज्ञान का उपदेश तो दिया जाता है लेकिन उसे पढ़ने के बाद अमल करने के बारे में कोई विचार नहीं करता। कुछ ऐसा ही नजारा लाड़कुई व रेहटी वन परिक्षेत्र में देखने को मिल रहा है। वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण हजारों हैक्टेयर में फैला घना जंगल समाप्ति की कगार पर पहुंच चुका है। वनों को बचाने वाले रक्षक ही भक्षक बन चुके है। यहां तक की पर्यावरण दिवस के मौके पर भी वन माफियाओं ने कुल्हाड़ियां चलाने से परहेज नहीं किया। ऐसे में कहा जा सकता है कि मानव को जीवन जीने के लिए पर्यावरण की नहीं बल्कि अधिक पैसों की आवश्यकता है। वन परिक्षेत्र में अमले द्वारा कटाई को रोकने दिखाबें के लिए कदम उठाए जाते हैं। लेकिन यह नाकाफी साबित हो रहे हैं। वन अमले की लापरवाही से बड़ी तादाद में वनों की कटाई का दौर चल रहा है। वन विभाग वनों की अवैध कटाई व परिवहन को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई तो करता है लेकिन वन माफिया अमले की पकड़ से दूर रहते है। वर्षों से वन माफिया वन अमले को चकमा देकर बेस कीमती सागौन चुरा रहा है। लेकिन अमला इन्हें पकड़ने में वर्षों से नाकामयाब साबित हो रहा है। स्थिति यह है कि वन परिक्षेत्र लाड़कुई में बीच जंगलों में अवैध रूप से ईंट के भट्टे लगाकर ईंटों को पकाने के लिए जंगलों को तबाह किया जा रहा है। कुछ इस प्रकार का ही मामला रेहटी वन परिक्षेत्र के तहत आने वाले गांव चकल्दी का भी है। जहां वन परिक्षेत्र से कुछ ही दूरी पर आरा मशीन का संचालन किया जा रहा है। इन दोनों ही जगहों पर अवैध सागौन पहुंच रही है, लेकिन वन अमला हाथ पर हाथ धरे बैठे सब कुछ देख रहा है। बड़े पैमाने पर जंगलों से लकड़ी की कटाई की जा रही है। हरे-भरे पेड़ों पर दिन के उजाले व रात के अंधेरे में कटाई का सिलसिला बदस्तूर जारी है। जिससे वन संपदा नष्ट होती जा रही है, जो आने वाले समय के लिए मानव जाति के लिए बहुत बड़ा संकट खड़ा कर सकता है।

**अनदेखी से हो रही कटाई या माफिया करता है मिलीभगत के साथ काम-**

वन विभाग की और वन परिक्षेत्र की देखभाल व मॉनिटरिंग के लिए बीटगार्ड तैनात किया जाता है, जिससे कि कही भी वनों की कटाई व परिवहन न हो सके। यदि ऐसा कुछ होता है तो वह इसकी जानकारी संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को देकर इस पर रोक लगा सके। लेकिन यहां सब उलट ही हो रहा है। बीटगार्ड इस पूरे मामले पर अपनी आंखों पर पट्टी बांधे हुए या फिर मिली भगत कर खुलेआम वनों की कटाई करा रहे हैं। मामला बड़े नहीं और किसी की नजर में न आये, इसके लिए छुटपुट कार्रवाई कर इतिश्री की जा रही है। आज वनों के रक्षक ही भक्षक बनते दिखाई दे रहे है।

### कृषि भूमि में तब्दील जंगल

लाड़कुई व रेहटी वन परिक्षेत्र में हजारों एकड़ वन परिक्षेत्र को समाप्त कर वन माफियाओं ने कृषि भूमि में तब्दील कर चुके हैं। वन विभाग की मौन स्वीकृति से यह सब काम हो रहा है, इसमें विभागीय लोगों की मोटी कमाई से इंकार नहीं किया जा सकता। अवैध कब्जों पर सरकार ने नकेल कसने की वजाय उन्हें वहीं पर काबिज कर दिया है, जिससे जंगल समाप्त होते जा रहे है। जंगलों में बनी सरपट सड़को से अवैध कटाई कर निकाली जा रही सागौन वाहनों में लोड कर निकल रही है। कार्रवाई के नाम पर विभाग सिर्फ रस्म अदायगी कर रहा है।

### वन परिक्षेत्र में ईंट भट्टों का संचालन किस की स्वीकृति पर

इस समय लाड़कुई वन परिक्षेत्र में ईंट भट्टों का संचालन किया जा रहा है। यह भट्टे विभाग की अनुमति से लगाए गए है या फिर लोगों द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर इनका संचालन किया रहा है। इन भट्टों को देखने वाला कोई नही है। ईंट भट्टों के संचालन की अनुमति वरिष्ठ अधिकारियों ने दी है या नहीं यह भी अधिकारी नही बता पा रहे है। वन संपदा के अंदर ईंद का कारोबार संचालित होने से वनों पर इसका सीधा प्रभाव पड़ता है। न चाहते हुए भी कई बार वन संपदा आग की चपेट में आ जाती है। जिसका खामियाजा नुकसान के रूप में भुगतना पड़ता है। भट्टों का संचालन होने से गर्मी में आगजनी की घटनाएं अधिक घटित होती है।

# हरदा के नेहरू पार्क में नागरिकों को पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाई



**अनोखा तीर, हरदा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को आयुष विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने नेहरू पार्क में नियमित योगाभ्यास के बाद नागरिकों को पर्यावरण सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाई। इसके अलावा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमलेश गौड़, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र परिहार व राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम कॉर्डिनेटर आशीष साकल्ले ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के पास पौधरोपण भी किया।

# यात्री प्रतिक्षालय पर लटका मिला युवक का शव

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा जिले में बुधवार को इंदौर बैतूल नेशनल हाईवे पर ग्राम अबगांवखुर्द के पास बने यात्री प्रतिक्षालय में एक 45 वर्षीय युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। पुलिस ने मौके पर जाकर शव को फंदे से उतारकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। जांच के दौरान पुलिस को शव के पास से एक चाकू और झोले में शराब की बोलते मिली है। मृतक के पास मिले कागजात के आधार पर उसकी पहचान नर्मदापुरम जिले के डोलरिया थाना क्षेत्र के ग्राम नानपा के रहने वाले मूल सिंह पिता रणवीर सिंह परिहार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि हाईवे पर पेट्रोलिंग कर रही टीम को बुधवार सुबह एक व्यक्ति का शव हाईवे पर बने यात्री प्रतीक्षालय में मिलने के सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो मृतक ने खुद के गमछे से गले में फांसी लगाना पाया गया। उन्होंने बताया कि मृतक मूलसिंह मवेशियों को खरीदने बेचने का काम करता था। जो मंगलवार को अपने गांव से किसी व्यक्ति के यहां रुपयों के लेने देन को लेकर हरदा आया था। उन्होंने बताया कि मृतक के पास मिले मोबाइल में प्राइवेट बैंक से लिए ऋण को लेकर किश्त जमा करने को लेकर फोन आ रहे थे। आंशका है कि किश्त जमा नहीं कर पाने के चलते उसने यह कदम उठाया है। मृतक के दो बेटे और एक बेटी है। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन जिला अस्पताल पहुच गए है। जहां शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर सुसाइड करने को लेकर जांच की जा रही है।

## राजस्व विभाग की कार्यवाही से रेत माफियाओं में मचा हड़कंप

# अवैध खनन करते एक ट्रैक्टर-ट्राली जप्त



**अनोखा तीर, हंडिया।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर अवैध खनन और परिवहन पर कार्रवाई करने राजस्व विभाग, खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।

जिसको लेकर रेत माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। इसी तारतम्य में हंडिया तहसीलदार, नायब तहसीलदार श्री मिश्रा ने बड़ी कार्रवाई को अजाम देते हुए सिगोन रेत खदान से अवैध रेत भरकर बिना नम्बर की ट्रैक्टर ट्राली को रोककर जांच की तथा कागज नहीं होने पर ट्रैक्टर ट्राली को हंडिया पुलिस थाना परिसर में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद हरदा जिला प्रशासन हरकत में आया और ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। आपको बता दें कि चौरी छिपे रेत का अवैध कारोबार किया जा रहा है।

इसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई कि जा रही है। तहसीलदार झडबडे, नायब तहसीलदार श्री मिश्रा द्वारा पिछले दिनों मनोहरपुरा रेत खदान से एक ट्रैक्टर ट्राली को अवैध रेत खनन करते पकड़ा और हण्डिया पुलिस की अभिरक्षा में रखा गया है। बता दें कि राज्स्व विभाग ने नर्मदा नदी में रेत खदान से माफियाओं के विरूद्ध मुहिम छेड़ रखी है और यह मुहिम लगातार जारी रहेंगी।

# अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही, 9 प्रकरण दर्ज

**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग के दल ने शराब के अवैध निर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी रीतेश कुमार लाल ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने मंगलवार को वृत हरदा के ग्राम खेड़ीपुरा टंकी मोहल्ला, दूध डेयरी मोहल्ला व सकुर कॉलोनी, वृत टिमरनी के ग्राम चारखेड़ा, अहलवाड़ा व टिमरनी तथा वृत खिरकिया के ग्राम देवपुर, कुड़ावा, खिरकिया, प्रिंस ढाबा मांदला में दबिश दी। दबिश के दौरान 38 पाव देशी शराब, 15 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 580 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया। मुद्देमाल जप्त कर मध्यप्रदेश प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 9 प्रकरण दर्ज किए गए। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित मूल्य 63660 रुपए है।

# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अनोखा तीर, हरदा।** जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम कांकड़दा बाबर में एक 25 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बुधवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम 4 बजे ग्राम कांकड़दा की रहने वाली सुमन ने सुसाइड कर लिया। पुलिस ने बताया कि घटना के दौरान पति मजदूरी के लिए गया था। जबकि पत्नी अपने दो बच्चों के साथ घर में ही थी।



बच्चे जब मोहल्ले में खेल रहे थे उस दौरान मौका पाकर उसने फांसी लगा ली। महिला के पति रमेश ने बताया कि उसका अपनी पत्नी से 8 दिनों पहले किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। जिसके बाद वह रोजाना की तरह ही मंगलवार को भी गिट्टी की खदान पर काम करने गया था, जहां उसे आस पड़ोस के लोगों ने घटना की सूचना दी गई।

# किसानों को खेती में ड्रोन के उपयोग के बारे में बताया

**अनोखा तीर, हरदा।** जिले के किसानों को प्रोत्साहित एवं जागरूक करने के उद्देश्य से चम्बल फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लि. की ओर से बुधवार को ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को ड्रोन का उपयोग करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि कृषि में ड्रोन के उपयोग से समय की बचत भी हो सकेगी। ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिद्धि विनायक आजीविका स्वसहायता समूह, अबगांव खुर्द से ड्रोन दीदी श्रीमती संगीता चौहान, प्रभारी उप संचालक कृषि विभाग संजय यादव, सहायक संचालक कृषि डॉ. भगवत सिंह, चम्बल फर्टिलाइजर्स के उप प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह राठौड़, प्रधान मंत्री किसान समृद्धि केंद्र के संचालक सहित प्रगतिशील 60 किसानों ने भाग लिया। उप संचालक श्री यादव ने किसानों को नई तकनीक को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि दवाइयों से होने वाले स्वास्थ्य संबधी नुकसान से बचाव हो सके एवं समय, श्रम लागत को कम से कम किया जा सके।

# जांच दल ने खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए

**अनोखा तीर, हरदा।** बुधवार को कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर खाद्य विभाग के जांच दल ने हरदा शहर के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नवीन बेकरी से चॉकलेट केक, बिस्किट्स व खारी के सैंपल लिए। श्री काम्बले ने बताया कि आज लिए गए सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जाएंगे वहां से रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।